राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14

अंक : 242

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

रविवार 27 जूलाई 2025

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले को रद किया

पेज 4 युवा वर्ग में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति चिंता का विषय : एसपी

पेज 6 टिम डेविड ने लगाया तीसरा सबसे तेज शतक, ऑस्ट्रेलिया ने

## संक्षिप्त खबरें

### नवी मुंबई में गूगल मैप ने गलत रास्ता बताया

**मुंबई।** नवी मुंबई के बेलापुर में गूगल मैप के गलत रास्ता बताने के कारण एक ऑडी कार खाड़ी में गिर गई। घटना शुक्रवार-शनिवार रात करीब 1 बजे हुई। कार चला रही महिला उल्वे की ओर जा रही थी। बेलापुर में गूगल मैप ने महिला को पुल के नीचे का रास्ता बताया। महिला ने मैप देखते हुए पुल के ऊपर जाने की बजाय नीचे का रास्ता पकड़ लिया। नतीजतन, उसकी कार सीधे ध्रुवतारा जेट्टी से खाड़ी में गिर गई। समुद्री सुरक्षा पुलिस ने कार को खाड़ी में गिरते हुए देख लिया। वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि महिला पानी में बह रही थी। इसके बाद रेस्क्यू बोट और गश्ती टीम की मदद से महिला को बचाया गया।


### पाकिस्तान में टिकटॉक क्रिएटर की जहर देकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के घोटकी जिले में टिकटॉक क्रिएटर सुमीरा राजपूत की शनिवार को उनके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी 15 साल की बेटी ने दावा किया कि कुछ लोग सुमीरा पर जबरन शादी का दबाव बना रहे थे। जब सुमीरा ने इससे इनकार किया तो उन्हें जहरीली गोलियां देकर हत्या कर दी गई। सुमीरा राजपूत एक जानी-मानी डिजिटल कंटेंट क्रिएटर थीं, जिनके टिकटॉक पर 58,000 फॉलोअर्स और 10 लाख से ज्यादा लाइक्स थे। उनकी बेटी भी टिकटॉक पर एक्टिव है और उसके भी 58,000 फॉलोअर्स हैं।



### हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू- इतनी देर से तुम क्या सोच रहे हो?
गप्पू- जानते हो कल रात की आंधी में एक टी शर्ट मेरे घर आकर गिर गई. पप्पू- तो इसमें क्या हुआ?
गप्पू- सोच रहा हूं कि मैचिंग पैंट ले लूं या फिर एक और आंधी का इंतजार करूं।



### शायरी

आलस्य के खेत में जो ख्वाबों के फसल बोता है,
वक्त की मार पड़ने पर वो अकेले में खूब रोता है.

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,184.17
-542.47 (0.66%)
निफ्टी:
25,062.10
-157.80

### मौसम



अधिकतम : 36 डिग्री से0
न्यूनतम : 29 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 5 : 42
सूर्यास्त रविवार : 7 : 13

# राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरी, 7 बच्चों की मौत

## 9 की हालत गंभीर; 5 टीचर सस्पेंड; शिक्षा मंत्री बोले- जिम्मेदार तो मैं ही हूं

**अकलेरा (झालावाड़)।** राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गई, वहीं 9 गंभीर घायल हो गए। मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की क्लास में शुक्रवार सुबह बच्चे बैठे थे, तभी कमरे की छत ढह गई।



हादसे में 35 बच्चे दब गए थे। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। मनोहरथाना हॉस्पिटल प्रशासन के अनुसार 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया। उधर, मामले में शिक्षा विभाग ने स्कूल की हेड मास्टर समेत 5 टीचर को सस्पेंड कर दिया है। घटना की जिम्मेदारी पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- जिम्मेदार तो मैं ही हूं।

# बीजापुर में जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया

## शव-हथियार बरामद, बढ़ सकता है आंकड़ा, बासागुड़ा इलाके में रुक-रुककर गोलीबारी जारी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा इलाके में शनिवार शाम को मुठभेड़ में जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव और INSAS-SLR राइफल समेत बड़ी संख्या में हथियार, विस्फोटक बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है।

दक्षिण-पश्चिमी जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शाम से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।



### 18 जुलाई को मारे गए थे 6 नक्सली

इसके पहले 18 जुलाई को नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में जवानों ने 6 नक्सलियों का एनकाउंटर किया था। मुखबिर की सटीक सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। जहां फोर्स ने माओवादियों को घेर कर मार गिराया। बारिश के मौसम में भी नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन मानसून जारी है। इस दौरान पुलिस का नक्सलियों से सामना हुआ। दोनों तरफ से फायरिंग हुई थी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई में नक्सलियों को ढेर कर दिया। एनकाउंटर वाली जगह से एके-47 और SLR जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद हुए थे।

### अबूझमाड़ में 26 जून को हुई थी मुठभेड़

वहीं 5 जुलाई को बीजापुर जिले में जवानों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर किया था। जवानों ने 5 जुलाई की सुबह मारे गए नक्सली का शव और हथियार बरामद किया। इसके साथ ही नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में ही 26 जून को जवानों ने 2 वर्दीधारी महिला नक्सलियों को मार गिराया था। दोनों के शव बरामद कर किए गए। साथ ही 315 बोर राइफल और अन्य हथियार भी बरामद हुए थे।

## विरोध प्रदर्शन



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और भारतीय ब्लॉक पार्टियों के अन्य सांसद, संसद के मानसून सत्र के दौरान, नई दिल्ली में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### अहमदाबाद प्लेन हादसा,166 पीड़ित परिवारों को मुआवजा मिला

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया ने फ्लाइट एआई-171 हादसे में जान गंवाने वाले 229 यात्रियों में से 147 यात्रियों और घटनास्थल पर मारे गए 19 लोगों के यानी कुल 166 परिवारों को 25 लाख का मुआवजा दिया है। एयरलाइन ने बताया कि बाकी 52 मृतकों के दस्तावेजों की जांच पूरी हो चुकी है और उन्हें भी यह मुआवजा जल्द दिया जाएगा। इस बीच टाटा समूह ने एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की स्थापना की है।

# बिहार में होमगार्ड भर्ती अभ्यर्थी से एंबुलेंस में गैंगरेप

## फिजिकल टेस्ट के दौरान दौड़ते समय बेहोश हुई, अस्पताल ले जा रहे ड्राइवर-टेक्नीशियन ने दरिंदगी की

**गया।** बिहार के गयाजी में होमगार्ड भर्ती के लिए आई लड़की (26) के साथ एंबुलेंस में गैंपरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को ड्राइवर और टेक्नीशियन को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद आरोपियों ने पीड़ित को चुप रहने की धमकी दी थी।

घटना 24 जुलाई (गुरुवार) की है। इसका खुलासा शुक्रवार देर रात हुआ। लड़की बीएमपी-3 के मैदान में होमगार्ड भर्ती के लिए पहुंची थी।



फिजिकल टेस्ट के दौरान दौड़ते समय बेहोश होकर गिर गई। मौके पर मौजूद एंबुलेंस से उसे अस्पताल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, चलती एंबुलेंस में पहले टेक्नीशियन ने रेप किया, फिर गाड़ी सुनसान जगह पर रोककर ड्राइवर ने दरिंदगी की। पीड़ित ने अस्पताल पहुंचकर महिला डॉक्टर को पूरी कहानी बताई, जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया।

### जयपुर में सीएम ऑफिस-एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर आज 10 घंटे में दो बार बम की धमकी का मेल आया। सुबह जयपुर में मुख्यमंत्री के ऑफिस और इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। शाम को एक बार फिर से जयपुर एयरपोर्ट पर धमाके की धमकी दी गई। दोनों धमकी के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया। फौरन सीएम ऑफिस के साथ ही एयरपोर्ट पर चेकिंग शुरू की गई, हालांकि एक घंटे की छानबीन के बाद पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। शनिवार को सुबह जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऑफिशियल ईमेल आईडी पर मेल कर लिखा गया- एक से दो घंटे बाद सीएम ऑफिस और एयरपोर्ट को उड़ा दिया जाएगा। एयरपोर्ट पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, बम स्क्वॉड और सिविल डिफेंस की टीमों ने छानबीन की।

# एक ही परिवार के 4 लोगों ने जहर खाया, मौत

## सागर में दादी-पोते ने घर में दम तोड़ा; पिता-बेटी की अस्पताल में सांसें थमीं

सागर। सागर जिले के खुरई के ग्राम टीहर में शुक्रवार देर रात एक ही परिवार के चार सदस्यों ने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस मौके पर पहुंचकर सामूहिक आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। अभी तक कोई वजह सामने नहीं आई है।

जानकारी के अनुसार, मनोहर लोधी (45), मां फूलरानी (70), बेटी शिवानी (18) और बेटा अनिकेत (16) के साथ टीहर गांव के पास खेत में बने मकान में रह रहे थे। उनकी पत्नी कुछ दिन पहले ही मायके गई थी।

शुक्रवार रात उल्टियां करने की आवाज सुनकर ऊपरी मंजिल पर रहने वाला मनोहर का भाई नीचे आया। उसने पूरे परिवार को उल्टियां करते देख घरवालों को बताया। फौरन पुलिस को सूचना दी गई और ग्रामीणों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया।



इस दौरान फूलरानी और अनिकेत की मौके पर ही मौत हो गई। शिवानी ने खुरई अस्पताल में दम तोड़ा, जबकि मनोहर की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

### पुलिस बोली- सभी के बयान लिए जा रहे हैं

वहीं, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया- जहरीला पदार्थ खाकर एक परिवार ही के चार लोगों ने सुसाइड किया है। प्राथमिक जांच में जहरीला पदार्थ सल्फास लग रहा है। आत्महत्या का कारण पारिवारिक हो सकता है। शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। इसके बाद परिवार के बयान लाए जाएंगे। तब कारण सामने आ सकेगा।

### साथ रह रहे भाई ने आवाज सुनकर लोगों को बताया


मनोहर के भाई नंदराम ने बताया कि खेत में बने मकान की दूसरी मंजिल पर उनका एक और भाई रहता है। रात में नीचे से जोर-जोर से खांसने की आवाज सुनकर वह गया, जहां पूरा परिवार उल्टियां कर रहा था। उसने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी।

मनोहर और शिवानी को अस्पताल ले जाया गया, जबकि मां फूलरानी और अनिकेत की मौत मौके पर ही हो चुकी थी। बाद में शिवानी ने सिविल अस्पताल में और भाई मनोहर ने जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

# ओडिशा में 2 मेडिकल स्टूडेंट्स झरने में बहे

## दिल्ली-राजस्थान के रहने वाले; झारखंड में 4 युवकों की डैम में डूबकर मौत, केदारनाथ ट्रेकिंग रूट बंद

**नई दिल्ली।** ओडिशा के संबलपुर जिला स्थित देवझरन झरने में शनिवार को अचानक आई बाढ़ में दो एबीबीएस स्टूडेंट्स बह गए। दोनों छात्रों की पहचान राजस्थान की मोनिका मीणा और नई दिल्ली के संदीप पुरी के रूप में हुई है। दोनों संबलपुर के वीर सुरेंद्र साईं इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के स्टूडेंट्स थे। झारखंड के सरायकेला-



खरसावां जिले में शनिवार को चेक डैम में डूबने से चार युवकों की मौत हो गई। सभी दलाईकला गांव के रहने वाले थे और डैम में नहाने आए थे। इनमें दो युवक बेस्ट फ्रेंड थे, जबकि दो आपस में रिश्तेदार थे।

उत्तराखंड में गौरीकुंड के पास केदारनाथ धाम जाने वाला ट्रेकिंग रूट पर शुक्रवार देर रात भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद पैदल जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया। गौरीकुंड से केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों को रोक दिया गया है। केदारनाथ से लौट रहे तीर्थयात्रियों को रेस्क्यू किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में लगातार भारी बारिश हो रही है। इससे नदी-तालाब भर गए हैं।

शनिवार को नर्मदापुरम में तवा डैम और बैतूल में सतपुड़ा डैम के 7-7 गेट खोले गए हैं। इंदौर में भारी बारिश से सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया है।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश, ब्लैक बॉक्स की रिकॉर्डिंग बंद हुई

## आखिरी 10 मिनट का डेटा नहीं; सवाल-क्या 'रिप्स' सिस्टम पहले से बंद था?

**अहमदाबाद।** 12 जून को अहमदाबाद में क्रैश हुए एअर इंडिया के विमान एआई-171 (बोइंग 787-8) की जांच में ब्लैक बॉक्स की एक 'चुप्पी' ने नए सवाल खड़े कर दिए हैं। विमान की पावर सप्लाई बंद होने या फिर क्रैश होने के 10 मिनट बाद तक की हरेक बातचीत, तकनीकी समस्या ब्लैक बॉक्स में रिकॉर्ड होती है। लेकिन, एआई-171 की क्रैश लैंडिंग में ऐसा नहीं हुआ। यह खुलासा



एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की हादसे पर बनी प्रारंभिक रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट की पड़ताल में पता चला कि एआई-171 का आखिरी मेडे कॉल भारतीय समयानुसार 13: 39: 05 बजे आया और विमान 13: 39:11 बजे क्रैश हुआ। ठीक इसी समय ब्लैक बॉक्स की रिकॉर्डिंग भी बंद हो गई। यहीं से गड़बड़ी की आशंका सामने आ रही है, क्योंकि क्रैश के बाद रिप्स सिस्टम से ब्लैक बॉक्स में रिकॉर्डिंग होनी चाहिए थी। इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन और फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के नियमानुसार यह अनिवार्य है।

# रतलाम में नाबालिग की पीट-पीटकर हत्या

## रात में लड़की से मिलने गया था; परिवार ने पकड़कर पेड़ से बांधा, सिर भी मूंडा

एजेंसी

**रतलाम।** रतलाम जिले के नामली थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक नाबालिग लड़के की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

कांडरवासा गांव का रहने वाला आयुष मालवीय (17) रात को अपनी प्रेमिका से मिलने मेवासा गांव गया था। इसी दौरान लड़की के घरवालों ने उसे पकड़ लिया।

उन्होंने आयुष का सिर मुंडवाया और पेड़ से बांध दिया। इसके बाद उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और आयुष की जान चली गई। इस मामले में पुलिस ने लड़की के पिता समेत चार लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ग्रामीणों ने शव रखकर फोरलेन पर जाम लगाया

ग्रामीणों ने शनिवार सुबह शव रखकर फोरलेन पर जाम लगा दिया। वे आरोपियों का जुलूस निकालने की मांग कर रहे थे। साथ ही मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए आर्थिक सहायता की मांग भी की। अधिकारियों के आश्वासन पर उन्होंने प्रदर्शन खत्म किया।

## फायरिंग

## रिवॉल्वर छीनी, 18 राउंड फायरिंग; सादे कपड़ों और प्राइवेट गाड़ी में पहुंची थी टीम

# भागलपुर में एसआई समेत 4 पुलिसवालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**भागलपुर।** भागलपुर के पीरपैंती में शुक्रवार रात पुलिस टीम पर हमला हुआ। बताया जा रहा है कि कहलगांव पुलिस को अपहरण की सूचना मिली थी। रात 10 बजे सादे कपड़ों और प्राइवेट गाड़ी में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इतने सारे लोगों को देखकर गांव में किसी ने फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई। गोलियों की आवाज सुनकर भीड़ इकट्ठा हो गई।

भीड़ ने पुलिस वालों को घेर लिया। इस दौरान दोनों ओर से 18 राउंड फायरिंग हुई। भीड़ ने एसआई दुबे देवगुरु समेत 4 पुलिसकर्मियों को घेर लिया। पुलिस वाले जान बचाने के लिए भागने लगे। भीड़ ने पुलिस को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।



ग्रामीणों ने पुलिस पर पत्थर फेंके और लाठी-डंडों से पीटा। हमले की सूचना पर दूसरी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गांव वालों ने उन लोगों पर भी हमला बोल दिया। इसमें कहलगांव थाने के एसआई शत्रुघ्न कुमार, एनटीपीसी थानाध्यक्ष सुशील कुमार और डीएसपी कल्याण आनंद शामिल थे। एसआई और डीएसपी समेत सभी पुलिसकर्मियों को भागकर जान बचानी पड़ी। कुछ पुलिस वालों के जूते मौके पर छूट गए।

घायल अफसरों और पुलिसकर्मियों को एनटीपीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से कुछ पुलिसकर्मी को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सब इंस्पेक्टर देवगुरु को आईसीयू में रखा गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### हाइवा चोरी के मामले में हुआ था अपहरण

पुलिस अपहरण की सूचना पर गांव में पहुंची थी। बताया जा रहा है कि राजेश यादव लकड़ाकोल गांव के रहने वाले हैं। शुक्रवार सुबह वैष्णो देवी से लौटे थे। नवगछिया स्टेशन से सबौर की ओर जा रहे थे। रास्ते में सन्हौला निवासी विजय भगत दिखे। जिस पर हाइवा चोरी का आरोप था। राजेश ने विजय को पकड़ लिया और गांव लाकर पंचायत की। विजय ने पैसे लौटाने की बात कही। इसी बीच विजय ने अपने परिजनों को कॉल करके कहा कि उसे अगवा कर लिया गया है।

# संपादकीय

## देश में कानून की नहीं, अपराधियों की चल रही है



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज का भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां कानून और व्यवस्था की बातें केवल किताबों और भाषणों तक सीमित होती नजर आ रही हैं। सड़कों पर, गलियों में, और यहां तक कि हमारे घरों के आसपास, अपराधियों का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि देश में कानून का राज कम और अपराधियों का दबदबा ज्यादा दिखाई देता है। यह स्थिति न केवल समाज के लिए खतरनाक है, बल्कि हमारे लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

### अपराध का बढ़ता ग्राफ

पिछले कुछ वर्षों में अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार और साइबर अपराध जैसे मामले रोजाना सुर्खियों में रहते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि भारत में हर साल लाखों अपराध दर्ज हो रहे हैं, और इनमें से कई मामले तो दर्ज भी नहीं होते। छोटे-मोटे अपराधों से लेकर संगठित अपराध तक, अपराधियों का हौसला इतना बुलंद है कि वे कानून को ठेंगा दिखाने से भी नहीं डरते। इसका सबसे बड़ा कारण है कानून के प्रति लोगों का घटता विश्वास और अपराधियों को मिलने वाली आसान राहत।

### कानून व्यवस्था की कमजोरियां

कानून व्यवस्था की कमजोरियां इस समस्या का मूल कारण हैं। पुलिस बल की कमी, भ्रष्टाचार, और लंबी कानूनी प्रक्रियाएं अपराधियों को बच निकलने का मौका देती हैं। कई बार तो अपराधी जमानत पर छूट जाते हैं और फिर से अपराध को अंजाम देते हैं। अदालतों में मुकदमों का अंबार लगा है, जिसके कारण न्याय मिलने में वर्षों लग जाते हैं। इससे पीड़ितों का विश्वास टूटता है और अपराधी बेखौफ होकर अपनी गतिविधियां जारी रखते हैं। इसके अलावा, पुलिस और प्रशासन पर राजनीतिक दबाव भी एक बड़ा मुद्दा है, जो निष्पक्ष कार्रवाई में बाधा डालता है।

### समाज पर प्रभाव

अपराधियों के बढ़ते दबदबे का समाज पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। लोग अपने घरों में भी सुरक्षित महसूस नहीं करते। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से असुरक्षित हैं। रात में सड़कों पर निकलना, खासकर महिलाओं के लिए, जोखिम भरा हो गया है। अपराधियों के डर से लोग अपनी आवाज उठाने से भी कतराते हैं। यह स्थिति सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही है और लोगों में डर का माहौल पैदा कर रही है।

### समाधान की दिशा में कदम

इस समस्या से निपटने के लिए ठोस और त्वरित कदम उठाने की जरूरत है। सबसे पहले, पुलिस बल को मजबूत करना होगा। अधिक भर्तियां, बेहतर प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीक का उपयोग अपराधों को रोकने में मदद कर सकता है। दूसरा, न्यायिक प्रक्रिया को तेज करना होगा। फास्ट-ट्रैक कोर्ट और समयबद्ध सुनवाई से पीड़ितों को जल्दी न्याय मिलेगा। तीसरा, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए सख्त कानून और पारदर्शी व्यवस्था जरूरी है। इसके साथ ही, जनता को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि वे अपराध के खिलाफ आवाज उठा सकें।

### निष्कर्ष

देश में कानून का राज स्थापित करना केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि समाज की भी जिम्मेदारी है। जब तक हम सब मिलकर इस दिशा में काम नहीं करेंगे, अपराधियों का दबदबा कम नहीं होगा। हमें एक ऐसी व्यवस्था की जरूरत है, जहां कानून का डर अपराधियों में हो, न कि आम नागरिकों में। यह समय है कि हम अपने देश को सुरक्षित और न्यायपूर्ण बनाने के लिए एकजुट हों।

## भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट की भूमिका?

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में जहां की आबादी 141 करोड़ है इन परिस्थितियों में रोबोट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता कितनी सार्थक होगी यह एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। भारत में बेरोजगारी चरम सीमा पर है ऐसे में रोबोट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस देश के युवाओं का हक छिनता नजर आता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक और रोबोट को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है।

अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे हो चुके हैं पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर सिमटे न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्त्र ,जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट के भारतीय संदर्भ में जहां जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है और बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार है ज्यादा प्रयोग से लोगों की नौकरियां जाने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह बात दुनिया के बड़े अरबपति कारोबारी टेस्ला और एक्स के कारोबारी एलन मस्क ने स्टार्टअप के एक कार्यक्रम में फ्रांस में महत्वपूर्ण अंदाज में कहीं, भविष्य के लिए यह बात एकदम सटीक एवं सार्थक है। एक अन्य अरबपति कारोबारी इयान बैंक्स ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। यह बात सभी विकासशील देशों के लिए भी लागू हो सकती है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज़ पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं। विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं।

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण हंगामा का सच

**अवधेश कुमार**



बिहार में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण या इंटेंसिव रिवीजन का इलेक्टरल रोल जिस तरह विरोध और हंगामा का विषय बना है वह अनपेक्षित कतई नहीं है। कांग्रेस पार्टी और अनेक भाजपा विरोधी दल ,एक्टिविस्ट , पत्रकार एनजीओ आदि काफी समय से चुनाव आयोग विरोधी तीखा अभियान चला रहे हैं। राहुल गांधी तो पुनरीक्षण आरंभ होने के पहले से ही आरोप लगा रहे हैं कि हेर-फेर कर भाजपा को जीताने का काम चुनाव आयोग करेगा। विरोधी बार-बार आयोग के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय जाते और निराश वापस आते हैं । उच्चतम न्यायालय ने इस बार भी पुनरीक्षण प्रक्रिया रोकने की उनकी अपील खारिज कर दिया। हालांकि आगे वह सुनवाई के लिए सहमत हुआ है। सुनवाई के एक दिन पहले आईएनडीआईए की ओर से राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार की राजधानी पटना में चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च किया गया।

वैसे इन पंक्तियों के लिखे जाने तक चुनाव आयोग के आंकड़े के अनुसार लगभग 85 प्रतिशत पुनरीक्षण फॉर्म मतदाताओं ने जमा कर दिए । चुनाव आयोग का विज्ञापन कहता है कि गणना प्रपत्र भरने की अवधि 25 जून से 26 जुलाई है और मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 1 अगस्त , 2025 को होगा। दावे और आपत्तियों की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर, 2025 है और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितंबर, 2025 को किया जाएगा। इसका अर्थ हुआ कि किसी का नाम छूट गया तो दावा करने के लिए एक महीने का समय है। तो बिना देखे कि किसका नाम जुड़ा ,नहीं जुड़ा इस तरह के विरोध का औचित्य क्या है ? आयोग पर पहला आरोप है कि वह इतनी जल्दी बड़े प्रदेश के मतदाताओं की सूची कैसे बना लेगा ? जब 2002 में मतदाता सूची का बिहार में पुनरीक्षण हुआ था तब 15 जुलाई से 14 अगस्त यानी वर्तमान के अनुसार ही 31 दिन का समय था। क्या 22- 23 वर्ष के बाद मतदाता सूची की गहनता से जांच परख नहीं होनी चाहिए ? अगर चुनाव आयोग ने इसके लिए आवश्यक जनसंपर्क और आधार कार्य नहीं किया तो आलोचना होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा है कि पिछले 4 महीने में प्रत्येक विधानसभा, जिला में सर्व दलीय बैठक की गई और लगभग 5 हजार ऐसी बैठकों में 28 हजार लोगों ने भाग लिया।? आयोग ने लगभग 80 हजार बीएलओ या बूथ लेवल ऑफिसर नियुक्त किए हैं जो मतदाताओं के घर पहुंच रहे है। राजनीतिक दलों ने भी 1.54 लाख बूथ लेवल एजेंट बीएलए बनाए हैं।? भारी संख्या में स्वयंसेवक भी सक्रिय हैं। कुल 16 करोड़ इन्यूमरेशन फॉर्म प्रकाशित किए गए। एक फॉर्म रिसिप्ट के रुप में मतदाता के पास रहेगा और दूसरा बीएलओ रखेंगे। ऑनलाइन पोर्टल पर भी फॉर्म जमा करने की व्यवस्था है । इसलिए यह नहीं कह सकते कि ड्राइव बिल्कुल अव्यावहारिक है।

पहचान सुनिश्चित करने पर चुनाव आयोग के जोर का सबसे तीखा विरोध हो रहा है । जिन 11 दस्तावेजों की सूची आयोग ने रखी है उसे पढ़ने पर कठिनाई का आभास होता है। पहले कुछ तथ्य पर बात करें। 1 जनवरी, 2003 की सूची में मतदाताओं की संख्या 4 करोड़ 96 लाख थी। वर्तमान में यह संख्या 7 करोड़ 89 लाख है। तो लगभग 2 करोड़ 93 लाख मतदाताओं को ही पहचान सुनिश्चित करनी होगी। जिन मतदाताओं के नाम 2003 में है उसके अलावा जिनका नाम आया उनको ही जन्मतिथि, जन्म स्थान आदि साबित करने वाले दस्तावेज देने होंगे। उनमें भी माता-पिता का नाम 2003 मतदाता सूची में है तो माता-पिता की पहचान साबित करने के लिए दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं। केवल 2003 वाली मतदाता सूची के उस हिस्से की कॉपी बीएलओ को देनी होगी जिसमें उनके माता-पिता का नाम लिखा है। जिनके नाम 2003 में है उन्हें केवल उसकी फोटो कॉपी बीएलओ को फॉर्म जमा करते समय देनी है जिसमें उनका नाम है।

क्या 2003 की मतदाता सूची में नाम न होने वाले के पास अगर जन्मतिथि तथा जन्म स्थान साबित करने के प्रमाण नहीं हो तो नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होगा ? इसकी आशंका है। पर आयोग का कहना है कि दस्तावेजविहीन व्यक्ति की भारतीय पहचान को सुनिश्चित करने का काम क्षेत्र के एसडीम करेंगे और उनके कागजात का पता लगाने के लिए वालंटियर नियुक्त किए गए हैं। किसी की पहचान साबित करने का बिल्कुल दस्तावेज नहीं मिलता या उसे गली - मोहल्ले में भी कोई पहचानता नहीं है तो ऐसे लोगों का नाम काट दिया जाएगा। आयोग ने कहा है कि यदि आवश्यक दस्तावेज तथा फोटो उपलब्ध नहीं है तो प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा कर दें। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा स्थानीय जांच या अन्य दस्तावेज के साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा।

सामान्य तौर पर विचार करें तो मतदान की दृष्टि से बहुत ज्यादा कागजातों की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। एक समय कोई पहचान पत्र लेकर जाने की आवश्यकता नहीं थी और मतदान केंद्र पर केवल राजनीतिक दलों के पोलिंग एजेंट बताते थे कि ये अमुक व्यक्ति हैं या नहीं। यह अत्यंत सरल व्यवस्था थी। लोकतंत्र मतदाताओं, राजनीतिक दलों और अधिकारियों सबकी नैतिकता, ईमानदारी और व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। बूथ लूट से लेकर फर्जी मतदाताओं की घटनाओं ने धीरे-धीरे पहचान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को जटिल बना दिया है।

यह किसी के हित में नहीं किंतु वर्तमान ढांचे में इसके विकल्प की कल्पना ज्यादा चिंताजनक दिखने लगती है। बिहार में चुनाव आयोग ने यह डरावनी जानकारी दी है की पुनरीक्षण में ऐसे विदेशी नागरिक मिले जो मतदाता बन चुके हैं। उनकी जानकारी गृह मंत्रालय को दी जा रही है और नागरिकता सुनिश्चित होने के बाद ही तय होगा कि वे मतदाता रहेंगे या नहीं। राजनीतिक दलों ने इस पर भी तूफान खड़ा कर दिया । क्या यह उचित है ? निस्संदेह,आधार कार्ड या राशन कार्ड बनवाना आसान नहीं होता। इसलिए चिंता का विषय है कि यह हमारी नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं है।आधार को सबसे सुरक्षित माना गया। देश भर में फर्जी आधार कार्ड पकड़ में आ रहे हैं। अवैध अप्रवासियों घुसपैठियों तक के आधार कार्ड बने हुए हैं।

बिहार के भारी मुसलमान जनसंख्या वाले चार सीमांचल जिलों में आधार कार्ड के आंकड़े हैरत में डालते हैं । बिहार में औसत आधार कार्ड आबादी के 94त्न है । किशनगंज में 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है और आधार सैचुरेशन 126 प्रतिशत है, कटिहार (44त्न) में 123त्न, अररिया (43त्न) में 123त्न, और पूर्णिया (38त्न) में 121त्न आधार सैचुरेशन है। आबादी से अधिक आधार कार्ड कैसे बने हुए हैं ?

पिछले वर्ष अररिया में एक बंगलादेशी घुसपैठियों पकड़ा गया जिसके पास पश्चिम बंगाल के 24 परगना से बना आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र था। बांग्लादेशी घुसपैठियों की लड़ाई केवल असम और बंगाल में नहीं बिहार के इन सीमांचल जिलों में भी रही है


स्थानीय पुराने लोग उनके बारे में कुछ जानते हैं लेकिन ज्यादातर की कई पीढ़ी हो चुकी है और उनके अलग बस्तियों में होने के कारण पहचान मुश्किल रहती है। क्या विरोधियों के दबाव में उन सबकी जांच नहीं होनी चाहिए ? संविधान की धारा 326 चुनाव आयोग को भारतीय नागरिकों को मतदाता के रूप में अंकित करने का अधिकार देता है। हालांकि नागरिकता की पहचान चुनाव आयोग की जिम्मेवारी नहीं है। इसीलिए उसने गृह मंत्रालय को मामला स्थानांतरित किया है। विरोधी चाहे इसे एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर को परोक्ष रूप से लागू करना माने या कुछ और किंतु भारतीय नागरिकों तक ही मतदान की व्यवस्था और पूरी मतदान प्रणाली की शुचिता तथा भारतीय सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सतर्कता आवश्यक है। बावजूद मेरा मानना है कि पहचान सुनिश्चित करने के कागजात के संदर्भ में स्पष्ट राष्ट्रीय नीति हो जो विदेशियों घुसपैठियों को तो सामने ले परंतु किसी पात्र भारतीय के लिए तनाव और परेशानी का कारण न बने। आधार और राशन कार्ड पर उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग को विचार करने का सुझाव दिया है। इन्हें सुरक्षित बनाया जाना अति आवश्यक है। आधार के पीछे कल्पना यही थी कि इससे अनेक कार्डों की आवश्यकता खत्म हो जाएगी। दूसरे, स्थानीय लोग किसी के भारतीय होने की पुष्टि करते हैं तो पंचायत, प्रखंड ,अनुमंडल सबको पहचान सुनिश्चित करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराने का दायित्व लेना चाहिए।

एक बार मतदाता सूची का प्रारूप आ जाने दीजिए और देखिए कि कितने लोग पात्र लोग इससे वंचित होते हैं। अगर संख्या बहुत ज्यादा होती है तो उसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

जहां एक भी पात्र नागरिक सूची में स्थान पाने से वंचित नहीं हो वही एक भी अपात्र उसमें शामिल नहीं हो यह भी आयोग, राजनीतिक दलों, प्रशासन और हम सबका दायित्व है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3602




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3601 का हल



## हंसी के फूव्वारें

तुम्हारे घर में किसका शासन चलता है ?

अपनी जगह सभी शासन करते हैं.

वह कैसे ?

मेरी पत्नी बच्चों पर शासन करती है, बच्चे नौकरों को डांटते रहते हैं और मैं कुत्ते-बिल्लयों को झिड़कता रहता हूँ.

□ □ □

मोहन तुम आजकल स्कूल में कैसे चल रहे हो ?

मोहन बोला- वाह पापाजी, मैं कभी आपसे आपके ऑफिस के बारे में बात करता हूँ ?

□ □ □

थका हुआ पति: आज शाम का घूमना तो रद्द करो.

पत्नी: आप तो सवेरे से ही कह रहे थे मैं तो तभी से मेकअप कर रही थी अब पूरा हुआ तो आप मना करने लगे.

□ □ □

दस साल के एक लड़के का दांत निकालने के बाद डॉक्टर ने उसके बाप से कहा-लाओ पांच रुपये.

पांच रुपये ? मगर आपने तो पहले कहा था कि आप दांत उखाड़ने का एक रुपया लेते हैं.

ठीक है, मगर आपके लड़के की चिल्लाहट सुनकर दांत उखड़वाने के लिए आये हुए मेरे चार रोगी भी तो चले गये.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3602



**बायें से दायें:-**

१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नांडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3601



## सूडोकु -3602


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3601 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3602




**बाएँ से दाएँ**

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

शब्द पहेली -3601 का हल



# सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले को रद किया

## नोएडा प्राधिकरण ने जमीन अधिग्रहण का 295 करोड़ दिया था मुआवजा, अब नए सिरे से होगी सुनवाई

नोएडा। सुप्रीम कोर्ट ने हैदराबाद के व्यवसायी रेड्डी वीरन्ना को दिए गए 295 करोड़ रुपए के मुआवजे के आदेश को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि यह राशि धोखाधड़ी और तथ्यों को छिपाकर दी गई थी।

दिए गए फैसले में, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 2021 के आदेश और अपने 2022 के फैसले को रद्द कर दिया। हालांकि ये राशि नोएडा प्राधिकरण ने रेड् ?डी विरन्ना को दे दी है।

इन दोनों आदेशों में रेड्डी के नोएडा स्थित एक भूखंड पर एकमात्र स्वामित्व के दावे को स्वीकार किया गया था और बढ़ा हुआ मुआवज़ा देने की मंज़ूरी दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अब मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय को वापस भेज दिया है और निर्देश दिया है कि सह-मालिक विष्णु वर्धन और टी सुधाकर सहित सभी पक्षों की बात सुनी जाए।

अदालत के आदेश में कहा गया है, डब्ल्यूपी (सिविल) 2272/2019 रेड्डी वीरन्ना बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य में पारित उच्च न्यायालय के 28 अक्टूबर, 2021 के आदेश को रद्द किया जाता है, क्योंकि धोखाधड़ी ने पूरी कार्यवाही को प्रभावित किया है।

उपरोक्त के परिणामस्वरूप, रेड्डी वीराना (सुप्रा) (जो भी धोखाधड़ी करके प्राप्त किया गया था) में 5 मई 2022 के निर्णय और आदेश को अमान्य घोषित किया जाता है और हमारी अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए वापस लिया जाता है।



### क्या है विवाद इसे समझे

विवाद 1997 से चला आ रहा है, जब विष्णु, रेड्डी और सुधाकर ने मिलकर नोएडा के सेक्टर 18 के छलेरा बांगर गांव में पांच बीघा से ज़्यादा ज़मीन एक करोड़ रुपए में खरीदी थी। 2005 में नोएडा प्राधिकरण ने इस ज़मीन का कुछ हिस्सा अधिगृहीत कर लिया और बाद में रियल एस्टेट डेवलपर डीएलएफ को 173 करोड़ रुपए में पट्टे पर दे दिया।

### जमीन पर अपना स्वामित्व दिखाया

शुरुआत में तीनों ने मिलकर नोएडा अधिग्रहण के खिलाफ रहे। 2000 में निषेधाज्ञा प्राप्त की, लेकिन बाद में रेड्डी ने एक मात्र अपना स्वामित्व का दावा करना शुरू कर दिया। 2006 में रेड्डी ने विष्णु के खिलाफ दायर एक मुकदमे में निचली अदालत से समझौता डिक्री प्राप्त की, जिसमें उन्होंने वेंकटरमण नामक एक व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत एक लिखित बयान का हवाला दिया।

जिसने खुद को विष्णु का वकील बताया था। हालांकि, बाद में विष्णु ने तर्क दिया कि तब तक पावर ऑफ अटॉर्नी रद्द कर दी गई थी। विष्णु व सुधाकर को सूचित किए बिना प्राप्त किया गया यह आदेश रेड्डी के एकमात्र स्वामित्व के दावे का आधार बन गया और इसका उपयोग सरकारी अभिलेखों में उनका नाम एकमात्र भूमिधारक के रूप में दर्ज कराने के लिए किया गया।

### 2019 में गया हाइकोर्ट

2019 में, रेड्डी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर मुआवज़ा बढ़ाने या ज़मीन की वापसी की मांग की। महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने विष्णु या सुधाकर को मामले में पक्ष नहीं बनाया, जबकि उन्होंने पहले उनके साथ संयुक्त रूप से मुकदमा लड़ा था। 28 अक्टूबर 2021 को उच्च न्यायालय ने रेड्डी के दावे को स्वीकार किया। राज्य को विकास शुल्क के लिए 50त्न की कटौती के बाद 1.10 लाख रुपए प्रति वर्ग मीटर—प्रचलित सर्किल रेट—की दर से मुआवजा देने का निर्देश दिया।

### 360 करोड़ रुपए तय किया मुआवजा

रेड्डी और नोएडा प्राधिकरण दोनों ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी। रेड्डी ने 50 प्रतिशत कटौती के बिना पूरा मुआवज़ा मांगा, जबकि नोएडा प्राधिकरण ने बढ़ी हुई दर का विरोध किया। 5 मई 2022 को सर्वोच्च न्यायालय ने रेड्डी की अपील को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया और कटौती को हटा दिया। जिससे उन्हें 1.10 लाख रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से पूरा मुआवज़ा मिल गया। इसका अंतिम निर्णय लगभग 360 करोड़ रुपए का हुआ, लेकिन बाद में नोएडा प्राधिकरण के साथ बातचीत के बाद इसे घटाकर 295 करोड़ रुपए कर दिया गया। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि वह स्वामित्व पर फैसला नहीं दे रही है, क्योंकि अपील में यह प्रश्न नहीं उठाया गया था।

# नोएडा में क्यों हुआ जलभराव, आईआईटी करेगी सर्वे



## रिपोर्ट के आधार पर पुलिया की पाइप और नाले चौड़े किए जाएंगे, 23 जुलाई को हुई थी बारिश

**नोएडा।** नोएडा में 23 जुलाई को दो घंटे की बारिश से सड़कों को जलभराव देखने को मिला था। कई सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया था। बताया कि नाले ओवर फ्लो और बैक फ्लो होने से जलभराव हुआ था। भविष्य में ऐसी समस्या नहीं होगी। इसके लिए नालों को चौड़ा किया जाएगा। जितने भी जल निकासी पाइंट और बॉटलनेक पाइंट है। उन सभी में सुधार कराया जाएगा। इसके लिए आईआईटी जैसी संस्था से पूरे ड्रेनेज सिस्टम का सर्वे कराया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद ड्रेनेज सिस्टम में सुधार होगा। बता दे 23 जुलाई को नोएडा के एपी वन, टू, थ्री मार्ग, जोनल रोड नंबर-6, सेक्टर-55, 56, 57, 58, 60, 62 एवं 63 में जलभराव की समस्या हुई थी। इसके अलावा फेज-2 में भी जलभराव हुआ था। इसके बाद अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण भी किया था। हालांकि पानी ज्यादा देर तक सड़कों पर नहीं रुका। सबसे ज्यादा दिक्कत खोड़ा लेबर चौक के पास हुई। अधिकारियों ने बताया कि यहां नाले में पानी जाने का फ्लो बहुत कम था। साथ ही यहां बैक फ्लो हुआ था।

### इन पाइंट पर आईआईटी करेगी सर्वे

सेक्टर-60 की और से आने वाले मुख्य नाले के पानी का फ्लो सही पाया गया, लेकिन नाले पर बनी कल्वर्ट यानी पुलिया की पाइप से आगे पानी का फ्लो धीरे पाया गया। इस पर कल्वर्ट की मैपिंग करा कल्वर्ट को ठीक कराया जाएगा। जोनल रोड नंबर-6 के साथ बने मुख्य नाले से फ्लोटिंग मटेरियल साफ कराया जा रहा है। सेक्टर-1 से 8, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 62 एवं 63 में निर्मित कल्वर्ट का लेवल नीचा है। ऐसे कल्वर्ट का निरीक्षण कर चिह्नित कर लिया जाए। इन सभी पाइंट का सर्वे आईआईटी जैसी संस्था करेगी। साथ ही नालों को कैसे चौड़ा किया जाए इसकी रिपोर्ट देगी।

# शार्ट न्यूज

## जाट समाज ग्रेटर नोएडा ने मनायी हरियाली तीज




**ग्रेटर नोएडा।** जाट समाज ग्रेटर नोएडा की महिलाओं द्वारा अंसल गोल्फ लिंक1 में हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें समाज की महिलाओं द्वारा मनोरंजन कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं का स्वागत श्रीमती सीमा चौधरी द्वारा किया गया।आपस में अलग-अलग प्रतियोगिताएं भी रखी गई। कार्यक्रम में सबसे बुजुर्ग महिला श्रीमती राज दुलारी देवी जी ने उपस्थित महिलाओं को हरियाली तीज का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ ?प्रीति चौधरी ने किया। कार्यक्रम में नवविवाहित महिलाओं के साथ-साथ वरिष्ठ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में आधुनिक संगीत के साथ-साथ लोकगीतों पर भी सामूहिक नृत्य किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के लिए पूजा मलिक, तारा सिंह, प्रविता सिंह,सुमन तालान, गीता सिंह, संगीता सिंह, योगिता सिंह, सरला चौधरी, सपना चौधरी, रीता चौधरी, अनीता सिंह, नीरा डागर, सरोज तालान, रीना चौधरी एवं अन्य उपस्थित सदस्यों का सहयोग रहा।

## रोटरी क्लब ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव



**ग्रेटर नोएडा।** क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट मानसी गोयल ने बताया की रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा द्वारा महिलाओं के श्रृंगार का त्योहार हरियाली तीज महोत्सव बड़े ही धूम धाम से रॉयल हैबिटैट सेंटर ग्रेटर नोएडा में मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रो0 स्वाति गुप्ता पत्नी रो0 अमित गुप्ता (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट ) उपस्थित रही । कार्यक्रम में आई महिलाओं ने अनेकों प्रकार के गेम , डांस और अन्य प्रतियोगिताओं व लजीज व्यंजनों का आनंद लिया।

## चिल्ला एलिवेटेड की पाइलिंग में खराब स्टील का उपयोग

**नोएडा।** दिल्ली को नोएडा से जोड़ने वाली चिल्ला एलिवेटेड रोड पर काम चल रहा है। इसका निर्माण उप्र ब्रिज कार्पोरेशन लिमिटेड कर रहा है। एलिवेटेड की पाइलिंग में जिस स्टील का प्रयोग कंपनी कर रही है। उस स्टील की गुणवत्ता खराब है। जबकि पाइलिंग के लिए प्राधिकरण ने किसी दूसरी स्टील के प्रयोग की बात की थी। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने ब्रिज कार्पोरेशन को नोटिस जारी किया और स्वीकृत स्टील को लगाने के लिए कहा गया। इस एलिवेटेड का शिलान्यास सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। एलिवेटेड का निर्माण 892 करोड़ में किया जा रहा है। ये काम तीन साल में पूरा करना है। 2019 में भी इसका काम शुरू हुआ था। फाउंडेशन और पाइलिंग के बाद फंड की कमी से काम रोका दिया गया था। उस दौरान करीब 79 करोड़ रुपए एलिवेटेड निर्माण पर खर्च किए गए थे। अब इसका दोबारा से काम शुरू किया गया। जिसमें करीब 6 प्रतिशत नया काम हो चुका है। लेकिन समीक्षा के दौरान पाया गया कि इसमें प्रयोग की जा रही स्टील की गुणवत्ता खराब है।

## स्विग्गी के डिलीवरी मैन को हाईवा ट्रक ने मारी टक्कर

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र में डिलीवरी के लिए जा रहे स्विग्गी के डिलीवरी मैन को हाईवा ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें स्विग्गी के डिलीवरी बॉय को गंभीर चोटें आई इस तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के हायर सेंटर में उसे रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने हाईवा डंपर को पकड़ लिया है। जबकि ड्राइवर मौके से फरार हो गया है इसकी पुलिस तलाश कर रही है। बता दे कि सेक्टर 104 की रेड लाइट पर हुए सड़क हादसे में हाइवा डंपर की टक्कर से स्विग्गी कंपनी में डिलीवरी करने वाला अनिल झा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक पैर मौके पर ही कट गया। पुलिस चौकी से चंद्र की दूरी पर हुए इस हादसे में हाईवा डंपर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है और अनिल झा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे दिल्ली के हायर सेंटर में भेज दिया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार ट्रक ड्राइवर की तलाश कर रही है।

## कोतवाली के पास खड़ी बसों से चोरी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में रबूपुरा कोतवाली के पास खड़ी तीन प्राइवेट बसों से शुक्रवार रात चोरों ने छह बैटरी चुरा लीं। चोरों ने बसों के दरवाजों का ताला तोड़कर यह वारदात अंजाम दी। एक अन्य बस में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन वहां चोर सफल नहीं हो सके। सुबह जब चालक बसें स्टार्ट करने पहुंचे, तब उन्हें बैटरी चोरी होने की जानकारी मिली। पीड़ित बस चालकों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बस यूनियन के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले भी कई बसों से लाखों रुपये की बैटरी चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक एक भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है। यूनियन अध्यक्ष ने चिंता जताई कि जब कोतवाली के समीप खड़े वाहन ही सुरक्षित नहीं हैं, तो अन्य जगहों पर पुलिस से सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नोएडा में नाबालिग किडनैप

**जेवर।** नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति अपनी ससुराल से 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि आरोपी अशोक, जिसकी उनके गांव में पड़ोस में ससुराल है, 23 जुलाई को उनकी बेटी को अपने साथ ले गया। परिवार ने किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिवार का कहना है कि आरोपी अक्सर गांव में आता-जाता था, जिसके कारण वह उनकी बेटी को अपने साथ ले जाने में सफल हुआ। शनिवार को पीड़ित पक्ष ने दनकौर कोतवाली में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 4 गांवों में सीवर समस्या होगी दूर

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सैनी, सुनपुरा, वैदपुरा और सादुल्लापुर गांव में सीवर की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए काम शुरू कर दिया है। इन चारों गांवों को मेन सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। यह काम पिछले महीने से शुरू हो चुका है और इसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर इस समस्या के स्थायी समाधान की पहल की गई है। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-दो द्वारा इन गांवों को 130 मीटर रोड से गुजर रही मेन सीवर लाइन से जोड़ने का काम किया जा रहा है। वर्क सर्किल-दो के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस परियोजना पर लगभग 5.37 करोड़ रुपए खर्च होंगे। एसीईओ प्रेरणा सिंह का कहना है कि इन गांवों की आंतरिक सीवर लाइन को मुख्य सीवर लाइन से जोड़ने से गांववासियों को बड़ी राहत मिलेगी। परियोजना पूरी होने के बाद सीवर ओवरफ्लो की समस्या समाप्त हो जाएगी।

## शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा की आत्महत्या पर महिला आयोग सख्त

# डीजीपी से तीन दिन में रिपोर्ट मांगी, सुप्रीम कोर्ट ने भी लिया संज्ञान

**गौतम बुद्ध नगर।** शारदा विश्वविद्यालय की बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति की आत्महत्या का मामला अब राष्ट्रीय महिला आयोग तक पहुंच गया है। आयोग ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लिया है।



राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को तीन दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही परिजनों को आवश्यक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

पिछले शुक्रवार को मंडेला गर्ल्स हॉस्टल में गुरुग्राम की रहने वाली छात्रा ज्योति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसने सुसाइड नोट में फैकल्टी को मानसिक रूप से उत्पीड़न करने का जिम्मेदार ठहराया था।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी इस घटना का संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिए थे। पुलिस ने इस मामले में दो प्रोफेसर को जेल भेज दिया है। शारदा विश्वविद्यालय ने डीन, एचओडी सहित चार प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है। विश्वविद्यालय की जांच कमेटी भी इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। उनका कहना है कि जिसकी भी लापरवाही पाई जाएगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर

## दो दर्जन दुकानें ध्वस्त, एक लाख वर्ग मीटर जमीन अतिक्रमण से मुक्त

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के पतवाड़ी गांव से सटे सेक्टर 2 और 3 की ग्रीन बेल्ट में बनी अवैध मार्केट पर शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर चला।

सुबह 6 बजे से शुरू हुई इस कार्रवाई में दो दर्जन दुकानें ध्वस्त कर दी गईं। इस कार्रवाई में लगभग एक लाख वर्ग मीटर ग्रीन बेल्ट की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया। प्राधिकरण ने मलवा हटाने के साथ ही पौधरोपण भी शुरू करा दिया है।

ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर रोड पर सेक्टर 2 और 3 से सटी ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण कर आसपास के कुछ लोगों ने मार्केट बना लिया था।

यहां पर अवैध रूप से ऑटोमोबाइल, अल्युमिनियम वर्क्स और मार्बल की दुकानें चल रहीं थीं। प्राधिकरण की



तरफ से इन दुकानों को हटाने के लिए नोटिस जारी की गई थी। लेकिन इन लोगों ने दुकानें नहीं हटाईं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की गई। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में उद्यान विभाग और भूलेख विभाग की टीम ने कार्रवाई की। भारी संख्या में नोएडा पुलिस बल की मौजूदगी में शनिवार सुबह 6 बजे से कार्रवाई शुरू की गई। करीब 4 घंटे तक लगातार तोड़फोड़ की कार्रवाई चली। आठ जेसीबी और इतने ही डंपर लगाकर तोड़फोड़ और मलवा हटाने का काम किया गया।

इस कार्रवाई को ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताया जा रहा है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अतिक्रमण हटाने गई टीम और नोएडा पुलिस की सराहना की है। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने चेतावनी दी है कि ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। अतिक्रमण करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी, किसी भी तरह की संपत्ति खरीदने या किराए पर लेने से पहले प्राधिकरण से जानकारी अवश्य कर लें।

यह जानकारी जरूरी है कि वह संपत्ति अनधिकृत तो नहीं है। ओएसडी गुंजा सिंह ने बताया कि अतिक्रमण से मुक्त जमीन पर पौधरोपण शुरू कर दिया गया है।

# नोएडा में आज 47 केंद्रों पर आरओ/एआरओ परीक्षा होगी

**नोएडा।** नोएडा में 47 केंद्रों पर समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 आयोजित होगी। परीक्षा 47 केंद्रों पर होगी। इसकी सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए डीएम मनीष वर्मा ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक के साथ बैठक की। परीक्षा एक पाली सुबह साढ़े नौ से साढ़े 12 बजे तक होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग जरूरी है।

### लापरवाही मिलने पर होगा एक्शन

उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज की ओर से जारी निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करेंगे। संबंधित अधिकारी समय से अपनी-अपनी ड्यूटी स्थलों पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाली परीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। यदि कोई भी मूलभूत सुविधा, सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा हो तो तत्काल उसको सही कराया जाए। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए पीने का पानी, शौचालय, अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ रखा जाए।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने लगाया 1.10 लाख का जुर्माना

## उद्यान रखरखाव में लापरवाही पर 4 कंपनियों पर कार्रवाई, अतिक्रमण भी रुकवाया

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग ने उद्यान कार्यों के रखरखाव में लापरवाही बरतने वाली 4 फर्मों पर 1.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना इन फर्मों को होने वाले भुगतान से काटा जाएगा।

प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर उद्यान विभाग की टीम ग्रीन बेल्ट, पार्क और सेंट्रल वर्ज के रखरखाव की नियमित निगरानी कर रही है।

ओएसडी गुंजा सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग के डीजीएम के नेतृत्व में टीम ने चार अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण किया।

सेक्टर गामा वन में सेंट्रल वर्ज पर ग्रीनरी के उचित रखरखाव न होने पर मैसर्स मानवी कंस्ट्रक्शन पर 50 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई गई है। सेक्टर बीटा वन में पार्कों के रखरखाव में कमी पाए जाने पर मैसर्स सरिता इंटरप्राइजेस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

130 मीटर रोड के सेंट्रल वर्ज पर ग्रीनरी के रखरखाव में खामी मिलने पर मैसर्स वंशिका लैंडस्केप पर 30 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई गई। एसीसी प्लांट से तिगड़ी गेट तक ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज पर ग्रीनरी के उचित रखरखाव न होने पर मैसर्स एमएसवी एसोसिएट्स पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

इसके अलावा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग की टीम ने सेक्टर म्यू वन की ग्रीन बेल्ट में हो रहे अतिक्रमण को तत्काल रोक दिया है। टीम ने वहां से निर्माण सामग्री भी जब्त कर ली है। ओएसडी गुंजा सिंह ने अतिक्रमण वाले स्थान पर पौधारोपण करने के निर्देश दिए हैं।

## महिला परिधान पहनकर बनाई रील

**नोएडा।** महिला परिधान पहनकर युवक के रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। लोगों ने वीडियो को अश्लीलता और फुहड़ता फैलाने वाला बताया है। लोगों का कहना है कि वीडियो नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल का है। पुलिस वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान कर रही है। पहला वीडियो युवक ने पुलिसकर्मी के सामने ही बनाया है। यूजर ने एक्स पर वीडियो में नोएडा और यूपी पुलिस को टैग कर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। सोशल मीडिया पर एक-एक करके दो वीडियो वायरल हुए। पहला वीडियो 54 सेकेंड जबकि दूसरा वीडियो 52 सेकेंड का है। पहले वीडियो में एक युवक महिला का परिधान पहनकर एक गीत पर रील बना रहा है। वह महिला के अंगवस्त्र पहने नजर आ रहा है। वीडियो में एक पुलिसकर्मी भी दिखाई दे रहा है। युवक उसके आगे पीछे नृत्य कर रहा है।

# नोएडा में अब बनेंगे जीआईएस तकनीक पर आधारित सब स्टेशन

## पुराने सबस्टेशन के साथ 33 और 11 केवी लाइनों को भी किया जाएगा अंडरग्राउंड

**नोएडा।** नोएडा में 220/132/33 के बनने वाले सभी सब स्टेशन अब गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन (जीआईएस) बेस्ड SCADA सिस्टम सहित किया जाए। इससे सब स्टेशन के निर्माण महज 500 मीटर में किया जा सकेगा। इससे जमीन की बचत होगी।

विद्युत फाल्ट में कमी आएगी और ये अपनी पूर्ण क्षमता के साथ कार्य कर सकेंगे। मुंबई में अडाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड ने इसी तरह के इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाए है। जिनकी विजिट करने के बाद यहां प्राधिकरण अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन किया।



### 33 और 11 केवी की लाइन होगी अंडरग्राउंड

प्रजेंटेशन प्राधिकरण के सीईओ के सामने किया गया। इस दौरान बताया गया कि इसी पद्धति पर 33 और 11 केवी के ऊपरी लाइन इन्फ्रास्ट्रक्चर को आवश्यकतानुसार चरणबद्ध रूप से एक साल में भूमिगत करने का निर्देश दिया गया। जिससे फाल्ट में कमी आएगी। वहीं विद्युत इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए डबल पोल स्ट्रक्चर के स्थान पर रिंग मेन यूनिट (आरएमयू) एंड स्ट्रेट थ्रो जाइंट का प्रयोग किया जाएगा।

### गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन के फायदा

वर्टिकल सबस्टेशन पारंपरिक सबस्टेशनों की तुलना में कम जगह में स्थापित किए जा सकते हैं। ये नोएडा जैसे शहर के लिए बेहतर विकल्प है। जीआईएस तकनीक धूल, नमी और अन्य पर्यावरणीय कारकों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है। जिससे सबस्टेशन की विश्वसनीयता बढ़ जाती है।

जीआईएस सबस्टेशन अधिक सुरक्षित होते हैं क्योंकि विद्युत उपकरण बंद कंटेनरों में होते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कम हो जाता है।




यूपी रेरा की ऐतिहासिक उपलब्धि

# 5700 प्रकरणों में 1410 करोड़ की रिकवरी

**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (यूपी-रेरा) ने आवंटियों की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 1410 करोड़ रुपये की वसूली सुनिश्चित की है, जो 5700 मामलों से संबंधित है।
विशेष रूप से 1 जनवरी 2025 से 15 जुलाई 2025 के बीच ?251 करोड़ की वसूली 955 मामलों में की गई है। वहीं 2023 से अब तक की अवधि में 3053 मामलों में 861 करोड़ वसूले गए हैं — जो कुल वसूली का लगभग 61 प्रतिशत हिस्सा है।

### वसूली का ग्राफ लगातार ऊपर

- वर्ष 2023 में : 380 करोड़
- वर्ष 2024 में : 463 करोड़
- वर्ष 2025 में (अब तक): 251 करोड़

इससे स्पष्ट है कि रेरा की रिकवरी प्रक्रिया लगातार मज़बूत होती जा रही है।




### प्राधिकरण और पक्षकारों के बीच समझौते

लगभग 1650 मामलों में प्रमोटरों और आवंटियों के बीच आपसी समझौते के माध्यम से लगभग 500 करोड़ की राशि का निस्तारण कराया गया।

### भूमि और फ्लैटों पर कब्जा दिलाया गया

यूपी-रेरा ने अपने अधिनीयम फोरम के माध्यम से 8500 अतिरिक्त मामलों में लगभग 3320 करोड़ मूल्य की संपत्तियों (फ्लैट, भूखंड) पर कब्जा दिलवाकर समाधान सुनिश्चित किया।

### रेरा अध्यक्ष का बयान

यूपी-रेरा के अध्यक्ष लक्ष्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि हमने ज़िलाधिकारियों के सहयोग से प्रत्येक जिले में समीक्षा बैठकें, और प्रमोटरों पर दबाव बनाकर यह वसूली तेज़ की है। हमारी नीति स्पष्ट है — शिकायतकर्ता को जल्द से जल्द न्याय और उसका अधिकार मिलना चाहिए।
उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी योजना के पंजीकरण या विस्तार से पहले प्रमोटर द्वारा लंबित शिकायतों का समाधान अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

### सारांश में

- कुल वसूली (2023-2025): 1410 करोड़
- कुल प्रकरण : 5700
- सहमति से समाधान : 500 करोड़ (1650 प्रकरण)
- कब्जा दिलाए गए प्रकरण: 3320 करोड़ मूल्य की संपत्ति
- रिकवरी पॉलिसी पर केंद्र व राज्य सरकारों की सराहना

**नोट :** यूपी-रेरा की यह पहल हजारों आवंटियों के लिए राहत लेकर आई है, जिनका वर्षों से पैसा फंसा था। यदि यह रफ्तार बनी रही, तो उत्तर प्रदेश देश के सबसे सशक्त रेरा राज्य के रूप में उभर सकता है।

# युवा वर्ग में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति चिता का विषय : एसपी

### एसपी ने नेहरू महाविद्यालय में वृक्षारोपण कर पर्यावरण का दिया संदेश



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा नेहरू महाविद्यालय में सर्वप्रथम वृक्षारोपण किया गया तत्पश्चात बुन्देलखण्ड विकास सेना व लायन्स क्लब द्वारा आयोजित किये गये संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया । तत्पश्चात जनपद में बढ़ती आत्महत्यायें, युवाओं में बढती नशे की प्रवृत्ति और साइबर अपराधों की बढ़ती संख्या को लेकर विचार-विमर्श कर निदान हेतु आवश्यक सुझाव दिये गये ।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि युवाओं में मानसिक तनाव, सोशल मीडिया का दबाव, पारिवारिक समस्याएं, नशा, शराब आदि आत्महत्या के प्रमुख कारण बन रहे हैं, जिससे बचाव हेतु अपने बच्चो को उचित शिक्षा, बच्चो से बातचीत, मोबाइल का प्रयोग कम करने व उनमें मनोबल को बढावा देने हेतु बताया गया । युवाओं में नशे की लत तेजी से फैल रही है, जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है ।

## शार्ट न्यूज

### मुरादाबाद में 2 दोस्तों की चाकू घोंपकर हत्या

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में 2 दोस्तों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। हमले के बाद दोनों सड़क पर करीब एक घंटे तक तड़पते रहे। एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार रात करीब 1 बजे 3 युवक गुलाबबाड़ी में बैठकर शराब पी रहे थे। नशे की हालत में उनमें झगड़ा हुआ। इसके बाद शाकिर नाम के युवक ने अपने दो दोस्तों जुनैद और बबलू पर चाकू से हमला किया। घटना कटघर थाना क्षेत्र में गुलाबबाड़ी की है। स्थानीय लोगों का कहना था कि रात में लाइट कट होने की वजह से आए दिन लोग सड़कों पर बैठकर शराब पीने लगते हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो भीड़ ने जमकर हंगामा किया। असालतपुरा बेरो की आढ़त के रहने वाले शहनवाज उर्फ बबलू (35 साल), जुनैद (30 साल) और बड़ी मस्जिद के सारिक तीनों गुलाबबाड़ी गए थे। यहां गुलाबबाड़ी चुंगी के सामने शराब की हट्टी के बाहर पड़े तख्त पर बैठकर शराब पी रहे थे। तभी तीनों में पेमेंट को लेकर झगड़ा हुआ। फिर सारिक ने चाकू से अपने दो दोस्तों पर हमला कर दिया।

### झांसी में युवक ने गर्लफ्रेंड को मार डाला

**झांसी।** झांसी में एक प्रेमी ने अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या कर दी। शुक्रवार रात गर्लफ्रेंड ने ही उसे फोन कर मिलने के लिए एक निर्माणाधीन मकान में बुलाया था। वहां वो 20 हजार रुपए मांगने लगी। झगड़ा होने पर प्रेमी ने गर्लफ्रेंड को सीढ़ियों से धक्का देकर उसकी हत्या कर दी। फिर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और मौके से भाग गया। प्रेमी की आखिरी कॉल डिटेल से हत्या का खुलासा हो सका। पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में लिया है। जब शनिवार सुबह मजदूर काम करने पहुंचे, तो महिला का शव सीढ़ियों पर पड़ा था। भाई का आरोप है कि बहन के साथ लूटपाट भी की गई। मोबाइल, कैश और गले का लॉकेट गायब है। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। मामला सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के महेंद्रपुरी कॉलोनी का है। मृतक महिला का नाम चंपा रायकवार (40) पत्नी प्रकाश रायकवार था। वह ग्वालियर रोड पर हवाई अड्डा के सामने रहती थी। चंपा के भाई कन्हैया रायकवार ने बताया- मेरी बहन घरों में काम करती थी।

### स्टूडेंट ने फांसी लगाकर दी जान

**वाराणसी।** वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र स्थित भगवानपुर में सतीश कुमार के मकान में किराए में रहने वाले बीएचयू के 23 वर्षीय छात्र भूवेश कुमार कोले ने शनिवार को फांसी लगाकर जान दे दी। देर शाम तक उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर बगल में रहने वाले छात्रों ने मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक ने पुलिस को बताया। मौके पर फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोला तो अंदर मफलर से बने फंदे पर भूवेश का शव लटक रहा था। पुलिस ने उसके परिजनों को भी सूचना दी। भूवेश विजुअल आर्ट का छात्र था। वह मूल रूप से छत्तीसगढ़ के धमतरी के जामगांव पोस्ट के पारा भाटा का रहने वाला था। कुछ दिनों पहले ही भगवानपुर स्थित सतीश पटेल के लॉज में किराए पर रहने के लिए आया था। प्रभारी निरीक्षक लंका राज कुमार शर्मा ने बताया कि भूवेश आसपास रहनेवाले छात्रों से बेहद कम बातचीत करता था। इस साल परीक्षा भी छोड़ दी थी। खुदकुशी की वजह तलाशी जा रही है। उसके परिजनों के आने पर इससे पर्दा उठ सकता है।

### ड्यूटी में लापरवाही पर चार पुलिसकर्मी निलंबित

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी के छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने यह कार्रवाई की है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में उन्नाव से आए इंस्पेक्टर जितेंद्र बहादुर, पुलिस लाइन के मुख्य आरक्षी धनंजय राय, रायबरेली के आरक्षी रंजीत कुमार और हरदोई जिले के आरक्षी पवन राना शामिल हैं। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि इंस्पेक्टर जितेंद्र बहादुर ने चेकिंग अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार किया था। वहीं मुख्य आरक्षी धनंजय राय और आरक्षी रंजीत कुमार तथा पवन राना अपनी ड्यूटी से कई बार नदारद मिले। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने और अनुशासनहीनता के कारण सभी चारों पुलिसकर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कब्जा हटाया

**लखनऊ।** लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कब्जा हटा दिया गया है। शनिवार को बीकेटी पुलिस की मौजूदगी में टोल कर्मियों ने अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। बीकेटी थाना क्षेत्र की इंदौरा बाग चौकी के पास किसान पथ पुल के नीचे राष्ट्रीय राजमार्ग 24 (लखनऊ-सीतापुर टोल रोड) पर यह कार्रवाई हुई। टोल प्लाजा के कर्मचारी श्यामू तिवारी, आनंद मिश्रा और अन्य कर्मियों ने अवैध दुकानों को हटवाया। अतिक्रमण हटाने से पहले दुकानदारों को चेतावनी दी गई थी। उन्हें अपनी अवैध रूप से स्थापित दुकानें स्वयं हटाने को कहा गया था। साथ ही यह भी बताया गया था कि अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो क्रेन और जेसीबी के द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। टोल कर्मियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अगले दिन भी जेसीबी से जारी रहेगी।

### जान से मारने की नियत से हमला

**लखनऊ।** लखनऊ में जान से मारने की नियत से हमला करने के मामले में सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने तीन और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। योगेन्द्र प्रताप सिंह की लिखित शिकायत पर थाना स्थानीय में मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि विपक्षियों ने एक राय होकर वादी के भांजे समर सिंह पर लोहे की राड से हमला किया था। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने देवराज (सलौली, थाना गोसाईगंज), आदित्य यादव (मिर्दहा टोला, थाना बीबीडी) और शिवम (लोखरिया, थाना गोसाईगंज) को किसान पथ पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। तीनों की उम्र लगभग 20 वर्ष है। इन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस मामले में एक अभियुक्त शिवा रावत (21) पुत्र कमलेश रावत, निवासी पासिन ढकवा, थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, लखनऊ को पहले ही 6 जुलाई 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### पिता ने दलित प्रेमी के साथ भागी बेटी को मारा

**बागपत।** बागपत में 17 साल की नाबालिग लड़की की ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। युवती अपने प्रेमी संग हिमाचल प्रदेश भाग गई थी। उसके परिजन दोनों को कार में मारते-पीटते हुए गांव लाए। इसके बाद नलकूप में बांधकर दोनों को सरेआम पीटा। फिर बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। बीमारी से मौत बताते हुए उसकी लाश जमीन में गाड़ दी। लाश को दफनाते समय ग्रामीणों ने लड़की के गले पर निशान देखे। प्रेमी के परिवार ने जानकारी लगते ही मामले की शिकायत पुलिस से की। युवती के पिता और चाचा को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की। इस पर दोनों ने हत्या की बात कबूल कर ली। पुलिस ने शनिवार को जमीन खुदवाकर लड़की का शव बाहर निकलवाया। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक, लड़की गांव के रसूखदार मुस्लिम परिवार की है, उसके दादा राजनीति से जुड़े हैं। वहीं, प्रेमी अनुसूचित जाति का है। इसलिए लड़की के परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे। घायल प्रेमी युवक का मेरठ के अस्पताल में इलाज चल रहा है। बड़ौत थाना क्षेत्र की पलड़ा गांव निवासी मुस्लिम परिवार की लड़की सोनिया (17) का गांव के ही युवक सागर कश्यप (19) से डेढ़ साल से अफेयर था। लड़की के परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे।

# थाना दिवस पर भुड़कुडा कोतवाल ने सेवानिवृत्ति सैनिक को मारा थप्पड़

### एसपी गाजीपुर से सैनिक ने लगाई गुहार

**गाजीपुर।** कोतवाली भुडकुडा में आयोजित थाना समाधान दिवस पर भुडकुडा कोतवाल धीरेंद्र प्रताप सिंह ने फरियादी को मां बहन की गाली देते हुए थप्पड़ जड़ने लगे यह देख लोग हतप्रभ रह गए कोतवाली भुडकुडा के कृतसिंह पुर निवासी सुभाष सिंह यादव पुत्र पतिराम यादव जो सेना से वर्ष 2012 में सेवानिवृत हुए हैं जिनका गांव में चक्रवात को लेकर पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा था चकरोड जिसका आराजी नंबर 79 है जो करीब 500 मीटर लंबा है जिसमें करीब 10 से 15 कास्तकारों की जमीन आ रही है उप जिलाधिकारी जखनिया द्वारा उक्त चकरोड की पैमाइश कर सीमांकन करने का आदेश हुआ जिस पर टीम पैमाइश के लिए गई लेकिन सीमांकन नहीं हो सका जिस पर सभी काश्तकारों ने जमीन पर बुवाई कर दी जब सुभाष अपने खेत की जुताई कर रहे थे उसी समय विपक्षी अनिल यादव ने डायल 112 को फोन कर दिया जिस पर पुलिस पहुंचकर सुबह दोनों पक्षों को थाने बुलाई लेकिन कोई बात नहीं हो सकी इसके बाद पुलिस शनिवार को थाना समाधान दिवस पर बुलाई थी जिस पर सुभाष सिंह यादव ने कहा कि मैं उप जिलाधिकारी से बताया हूं कि सभी लोग खेत की बुवाई कर चुके हैं और राजस्व की टीम खेत खाली होने के बाद चकरोड की पैमाइश करेगी इसी वजह से मैं भी अपने खेत की जुताई किया था यह सुनते ही आग बबूला हुए भुड़कुड़ा कोतवाल ने मां बहन की गालियां देते हुए थप्पड़ मारने लगे और वहां से भगा दिया जिस पर सुभाष ने कस्बे में पहुंचकर जन सेवा केंद्र से मुख्यमंत्री महोदय को शिकायती पत्र लिखकर भुड़कुड़ा कोतवाल के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की इस बारे में प्रभारी निरीक्षक भुडकुडा से पूछने पर उन्होंने कहा कि मैं किसी को मारा पीटा नहीं है सुभाष काफी बदतमीज किस्म का व्यक्ति है जो एक पखवाड़े में तीन बार झगड़ा कर चुका है और राजस्व कर्मियों से ऊलजुलूल की बातें करता है भुडकुडा कोतवाल पर यह पहला आरोप नहीं है जब से वह आए हैं यह तीसरी घटना है कि वह फरियादी को मारे हैं, फरियादियों को मारने की चर्चा पूरे कस्बे में हो रही है सैनिक ने एसपी से लगाई गुहार।

# दस जानवरों को पकड़कर पहुंचाया कान्हा गौ आश्रय स्थल

### नगर पालिका द्वारा अन्ना जानवरों द्वारा चलाया जा रहा है अभियान, पशुपालकों को दी गई चेतावनी

**ललितपुर।** अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में नगर में अन्ना गौवंश को संरक्षित किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 10 अन्ना जानवरों को शहर के विभिन्न स्थलों से संरक्षित करते हुए दैलवारा स्थित कन्हा गौ आश्रय स्थल में छोड़ा गया, वही टीम द्वारा गौवंश पालकों को निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने गौवंशों को आवारा न छोड़े, जो भी अन्ना गौवंश सड़कों पर पाये जाते है तो उन्हें पकड़कर गौवंश आश्रय स्थल दैलवारा में संरक्षित कर संबंधित गौवंश मालिक पर जुर्माना वसूल करते हुए कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अभियान के दौरान दो टीमों ने नगर के विभिन्न स्थल से 10 गौवंश को संरक्षित किया गया, जिसमें दो बछड़ा नेहरू नगर ओवर ब्रिज के पास से, एक गाय जुगपुरा देवगढ़ रोड़ से, दो बछड़ा रेलवे स्टेशन के पास से, एक गाय वर्णी चौराहा के पास से, एक गाय तुवन मंदिर के पास से, दो बछड़ा सावरकर चौक के पास से व एक गाय शहजाद नदी पुल के पास से पकड़कर कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित किया किया। बताते चलें कि शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे के दरम्यान नेहरू नगर ओवरब्रिज पर दो बछड़ों के लड़ने जानकारी अधिशासी अधिकारी को सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई थी, जानकारी को संज्ञान में लेते हुए अधिशासी अधिकारी द्वारा टीम को तत्काल दोनों अन्ना जानवरों को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया था, अधिशासी अधिकारी के निर्देश के क्रम में टीम तत्काल नेहरू नगर स्थित ओवर ब्रिज के पास पहुंची और काफी समय तक दोनों अन्ना जानवरों को खोजा गया, इसके बाद टीम द्वारा पकड़कर उन्हें संरक्षित किया गया।



# मैनपुरी के मंदिर में छात्रा को 4 गोली मारी

**मैनपुरी।** मैनपुरी में शिव मंदिर में पूजा कर रही BSc की छात्रा को सिरफिरे प्रेमी ने गोली मार दी। आरोपी पहले से मंदिर के अंदर मौजूद था। छात्रा ने जैसे ही पूजा शुरू की, आरोपी ने मंदिर का गेट बंद कर दिया। इसके बाद डंडे से हमला कर दिया। चिल्लाने पर आरोपी युवक ने कमर से तमंचा निकाला और छात्रा को एक के बाद एक 4 गोलियां मारीं।
दो गोलियां हाथ में और 2 पेट में लगी। छात्रा मंदिर में लहूलुहान होकर गिर पड़ी। गोली की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लड़की की मां और भाई ने उसे गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।
घटना के तीन घंटे बाद पुलिस ने आरोपी को एनकाउंटर के दौरान पैर में गोली मारकर पकड़ा। गोली लगने के बाद भी वह हंस रहा था। जांच में सामने आया है कि एकतरफा प्यार में युवक छात्रा पर शादी का दबाव बना रहा था। शादी से इनकार करने पर उसने वारदात को अंजाम दिया।

# नाबालिग ने व्यापारी की कमर में सटाकर गोली मारी, मौत

**मेरठ।** मेरठ में कपड़ा व्यापारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। व्यापारी बाइक से घर जा रहे थे। रास्ते में नाबालिग ने चलती बाइक पर उनकी कमर में एक गोली मारी। दूसरा फायर भी किया, लेकिन गोली नहीं लगी। भाग रहे किशोर को राहगीरों और दुकानदारों ने पकड़कर जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, नाबालिग को पुलिस भीड़ से छुड़ाकर थाने ले आई। पुलिस ने उसके पास से तमंचा भी बरामद किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया- कपड़ा व्यापारी उसके परिवार के खिलाफ पुलिस से मुखबिरी करता था। इसीलिए उसने व्यापारी को गोली मार दी।
दोनों परिवारों में लंबे समय से रंजिश चल रही थी। आरोपी किशोर का पिता लिसाड़ी थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

# नगर पालिका द्वारा बस स्टैंड पर अवैध गुमटियों को हटाया

**ललितपुर।** अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में कर निर्धारण अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी राजेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक, हेड सुपरवाइजर सहित टीम द्वारा बस स्टैण्ड कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से रखे गुमटियों को हटाया गया तथा वहां पर कई महीनों से खड़ी बसें जिनका संचालन नहीं हो रहा है, आने-जाने वाली बसों को परेशानी हो रही है। उक्त स्थिति को देखते हुए कई महीनों से खड़ी बसों के संचालकों को निर्देशित किया गया कि वहां पर खराब रखी बसे या जिनका संचालन नहीं किया जा रहा है, उन बसों को बस स्टैण्ड से तत्काल हटा लें।
इस दौरान जिन बसों के मालिक उक्त स्थल पर नहीं मिले उन बसों के नंबरों को नोट कियाग गया, जिनमें एक बस बिना नंबर की मौके पर पाई गई। इस दौरान कर निर्धारण अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बस खराब पड़ी है व जिनका संचालन नहीं हो रहा है वह तत्काल प्रभाव से उक्त बसों को बस स्टैण्ड स्थल से हटाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में पालिका द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान कर निर्धारण अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी राजेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, हेड सुपर वाइजर संजय कुमार, धीरेन्द्र घावरी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



# मनसापुर कुटी से कांवड़ यात्रा का जत्था रवाना

### पुलिस प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अम्बेडकर नगर।** सावन माह के शुभ अवसर पर शनिवार को मनसापुर कुटी से कांवड़ यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारों के साथ अयोध्या से पवित्र सरयू जल लेने के लिए रवाना हुए। कांवड़ियों में गजब का उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला।
यात्रा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्गों पर साफ-सफाई, जलपान और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई थी। मनसापुर कुटी से रवाना हुए शिवभक्तों ने मार्ग में भजन-कीर्तन करते हुए पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं भी बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल हुईं।
कांवड़ यात्रा को लेकर ग्रामीणों और स्थानीय समाजसेवियों ने भी श्रद्धालुओं के स्वागत व सहयोग में भागीदारी निभाई। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि यात्रा मार्ग पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक बल तैनात किया गया है। सावन माह में भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए यह कांवड़ यात्रा हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धा, समर्पण और सुरक्षा के साथ संपन्न हो रही है।



### महिला डॉक्टर के पति का अपहरण

**गोरखपुर।** गोरखपुर में बदमाशों ने रिटायर्ड एयरफोर्स कर्मचारी को किडनैप कर लिया। डॉक्टर पत्नी को कॉल कर एक करोड़ रुपए मांगे। कहा- पति को जिंदा देखना चाहती हो तो पैसे भेज दो। पत्नी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। फिर पुलिस के प्लान के तहत महिला डॉक्टर पत्नी बदमाशों के बताए स्थान पर रुपए देने पहुंची। पुलिस ने पैसे लेने आए तीन बदमाशों को अरेस्ट कर लिया। 12 घंटे के अंदर किडनैप कर्मचारी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक, 7 बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। वह दो कार से आए थे। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र का है। रिटायर्ड एयरफोर्स कर्मचारी शुक्रवार सुबह 5: 30 बजे साइकिल से स्टेडियम में स्विमिंग करने गए थे।

# सीसीटीवी की निगरानी में जनपद में नकलविहीन व सकुशल सम्पन्न होगी आरओ/एआरओ परीक्षा : जिलाधिकारी

### चप्पे-चप्पे पर रहेगा पुलिस का पेहरा, अराजक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर : पुलिस अधीक्षक

**ललितपुर।** जनपद के 11 केन्द्रों पर रविवार को आयोजित होने वाली आरओ/एआरओ परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु शनिवार को जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा जनपद में 27 जुलाई 2025 रविवार को 11 परीक्षा केन्द्रों (राजकीय इण्टर कॉलेज, नेहरु महाविद्यालय, नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, नेहरु महाविद्यालय, डॉन बोस्को एकेडमी, संस्कार वैली एकेडमी, एसडीपीएस इण्टर नेशनल स्कूल, पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल) पर एक पाली में प्रातः 9:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक सम्पन्न की जा रही है। जिसकी तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और केन्द्र प्रभारियों सहित सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी व सुचितापूर्ण सम्पन्न संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम यह जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएंगे, किसी भी तरह से परीक्षा केन्द्रों पर नकल नहीं होने दी जाएगी और आपराधिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी।



# थाईलैंड-कंबोडिया में लगातार दूसरे दिन गोलीबारी: थाईलैंड ने बॉर्डर इलाकों से 1 लाख लोगों को हटाया

**बैंकॉक / नोम पेन्ह, एजेंसी।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहा संघर्ष दूसरे दिन भी जारी है। शुक्रवार सुबह दोनों देशों के सैनिकों ने बॉर्डर पर फायरिंग की है। थाई सरकार ने शुक्रवार को बताया कि 1 लाख से ज्यादा लोग घर छोड़ने के लिए मजबूर हो चुके हैं। अब तक थाईलैंड के 16 लोगों की मौत हुई है। जिसमें 1 सैनिक और 15 आम लोग हैं। 46 लोग घायल हुए हैं। अभी तक कंबोडिया की तरफ से मृतकों या घायलों की कोई आधिकारिक संख्या नहीं बताई गई है। विवाद की वजह 900 साल पुराना शिव मंदिर (प्रासात ता मुएन थोम) है। जब थाई सेना के अनुसार कंबोडियाई सैनिकों ने थाई सैन्य ठिकानों के ऊपर ड्रोन उड़ाए। थाई सेना का कहना है कि उसने बातचीत के जरिए तनाव कम करने की कोशिश की, लेकिन जब बात नहीं बनी तो सुबह 8: 20 बजे भारी गोलीबारी शुरू हो गई।

**थाईलैंड ने अपने नागरिकों से कंबोडिया छोड़ने को कहा :** कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह स्थित रॉयल थाईलैंड दूतावास ने कहा कि सीमा पर स्थिति बिगड़ती जा रही है और झड़पों के लंबे समय तक जारी रहने की संभावना के कारण, दूतावास ने अपने नागरिकों से जितनी जल्दी हो सके कंबोडिया छोड़ने को कहा है।

**कंबोडिया और थाईलैंड के बीच विवाद की वजह :** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद का इतिहास 118 साल पुराना है, जो प्रीह विहियर मंदिर और आसपास के क्षेत्रों को लेकर है। जब कंबोडिया फ्रांस के अधीन था तभी 1907 में दोनों देशों के बीच 817 किमी की लंबी सीमा खींची गई थी। थाईलैंड ने हमेशा इसका विरोध किया, क्योंकि नक्शे में प्रीह विहियर नाम का ऐतिहासिक मंदिर कंबोडिया के हिस्से में दिखाया गया था। इस पर दोनों देशों में विवाद चलता रहा। 1959 में कंबोडिया यह मामला अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले गया और 1962 में अदालत ने फैसला दिया कि मंदिर कंबोडिया का है। थाईलैंड ने इसे स्वीकार किया, लेकिन आसपास की जमीन को लेकर विवाद जारी रखा। मंदिर को हेरिटेज साइट में शामिल कराने पर झड़पें शुरू हुई 2008 में यह विवाद तब और बढ़ गया जब कंबोडिया ने इस मंदिर को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल कराने की कोशिश की। मंदिर को मान्यता मिलने के बाद दोनों देशों की सेनाओं में फिर झड़पें शुरू हो गई और 2011 में तो हालात इतने बिगड़ गए कि हजारों लोग अपने घर छोड़ने पर मजबूर हो गए। 2011 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने दोनों देशों को विवादित क्षेत्र से सैनिक हटाने का आदेश दिया, और 2013 में फिर से पुष्टि की कि मंदिर और उसके आसपास का क्षेत्र कंबोडिया का है, लेकिन सीमा का मुद्दा अब तक पूरी तरह हल नहीं हो पाया है। इस विवाद के बावजूद थाईलैंड और कंबोडिया दुनिया के सबसे अच्छे पड़ोसी देशों में से माने जाते थे। कुछ साल पहले तक दोनों देशों के नेताओं का मानना था कि उनकी दोस्ती कभी नहीं टूटेगी, क्योंकि वे एक लंबी सीमा साझा करते हैं और मिलकर आगे बढ़ना उनके लिए जरूरी है। हालांकि, हाल के समय में हालात बदल गए और उनके बीच तनाव काफी बढ़ गया है। 28 मई को एमराल्ड ट्रायंगल पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच भिड़ंत हुई, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। यह वो जगह है थाईलैंड, कंबोडिया और लाओस की सीमाएं मिलती हैं। थाईलैंड और कंबोडिया दोनों ही इस इलाके पर दावा करते हैं।





## सीईओ के बाद अब एचआर हेड ने भी दिया इस्तीफा, कोल्डप्ले के कंसर्ट में वायरल हुआ था वीडियो





**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की टेक कंपनी एस्ट्रोनॉमर की एचआर हेड क्रिस्टीन कैबोट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। क्रिस्टीन कैबोट का हाल ही में कंपनी के सीईओ एंडी बेरोन के साथ एक वीडियो वायरल हुआ था। दोनों कोल्डप्ले के कंसर्ट में साथ दिखाई दिए थे, जिससे दोनों के निजी संबंधों को लेकर खुलासा हो गया। गौरतलब है कि एंडी बेरोन पहले ही सीईओ पद से इस्तीफा दे चुके हैं।

**कोल्डप्ले के कंसर्ट में कंपनी के सीईओ के साथ वीडियो हुआ था वायरल :** मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है, लेकिन अभी तक न कंपनी की तरफ से और न ही क्रिस्टीन केबोट की तरफ से इसकी पुष्टि की गई है। दरअसल क्रिस्टीन केबोट और एंडी बेरोन बीती 16 जुलाई को बोस्टन के मेसाच्युसेट्स में मशहूर बैंड कोल्डप्ले के कंसर्ट में गए थे। दोनों जब गले लगकर कोल्डप्ले के गानों का लुत्फ ले हे थे, तभी दोनों कैमरे में कैद हो गए और कंसर्ट में लगी बड़ी स्क्रीन पर दिखाई दिए। कैमरे में आते ही दोनों ने जिस तरह की प्रतिक्रिया दी, उस पर कोल्ड प्ले के प्रमुख गायक क्रिस मार्टिन ने कहा कि दोनों का या तो अफेयर है या फिर दोनों बहुत ही शर्मीले हैं। इसके बाद यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो वायरल होने के बाद जांच पड़ताल में पता चला कि वीडियो में दिख रहा शख्स अमेरिकी टेक कंपनी एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बेरोन और महिला कंपनी की मानव संसाधन प्रमुख क्रिस्टीन केबोट हैं। एंडी शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं। यही वजह रही कि यह मामला तूल पकड़ गया। विवाद बढ़ने पर कंपनी ने एंडी बेरोन को छुट्टी पर भेज दिया और एंडी के खिलाफ जांच शुरू कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण प्रशांत महासागर में समोआ के पास 6.6 तीव्रता का भूकंप,

**अपिया, एजेंसी।** दक्षिण प्रशांत महासागर के देश समोआ द्वीप के पास शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक इस भूकंप की तीव्रता 6.6 थी। भूकंप समोआ की राजधानी अपिया से लगभग 440 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में आया। इसकी गहराई 314 किलोमीटर (195 मील) रही। हालांकि, किसी प्रकार के नुकसान या घायल होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। समोआ ऑब्जर्वर न्यूज वेबसाइट के एक कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने झटके महसूस नहीं किए और न ही किसी नुकसान की जानकारी मिली है। यूएस सुनामी चेतावनी प्रणाली ने भूकंप के बाद कोई सुनामी चेतावनी जारी नहीं की है। समोआ 'रिंग ऑफ फायर' क्षेत्र में आता है। यहां अक्सर भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। 2009 में, समोआ और अमेरिकी समोआ के बीच दो बड़े भूकंप आए थे। इससे समोआ,अमेरिकी समोआ और टोंगा में आई सुनामी लहरों में कम से कम 192 लोगों की मौत हो गई थी।

### अमेरिका और मेक्सिको के बीच तिजुआना नदी की सफाई को लेकर समझौता, गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं दे रहा प्रदूषण

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और मेक्सिको के बीच तिजुआना नदी की सफाई को लेकर एक समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स का विस्तार किया जाएगा और दोनों देश मिलकर तकनीक और वित्तीय मामले में सहयोग करेंगे। तिजुआना नदी में गंदगी और प्रदूषण एक बड़ी समस्या बना हुआ है। अमेरिका और मेक्सिको की सरकारें कई वर्षों से दोनों देशों की सीमा पर बहने वाली इस नदी को साफ करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। तिजुआना नदी का पानी कैलिफोर्निया में समुद्र में आकर मिलता है, जिससे कैलिफोर्निया के समुद्र तट गंदे हैं और बीते चार वर्षों से प्रदूषण की वजह से इन तटों को बंद करना पड़ा है। तिजुआना नदी में अरबों गैलन सीवेज और उद्योगों से निकलने वाला जहरीला कचरा गिरता है। दक्षिणी कैलिफोर्निया में इस नदी के प्रदूषण के चलते अमेरिकी नेवी सील्स की ट्रेनिंग में समस्या हो रही है। क्योंकि नेवी सील्स यहां ट्रेनिंग करके बीमार हो रहे हैं। तिजुआना नदी को साफ करने के लिए अभी तक अरबों डॉलर खर्च किए जा चुके हैं। ट्रंप प्रशासन के पहले कार्यकाल में भी इसकी कोशिश हुई थी, लेकिन बीते एक दशक से यह नदी समस्या बनी हुई है। मेक्सिको की पर्यावरण मंत्री एलिसिया बारसेना और अमेरिका की पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख ली जेल्डिन ने गुरुवार को तिजुआना नदी को साफ करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत मेक्सिको की सरकार नदी की सफाई के लिए बुनियादी ढांचे के विकास में 9 करोड़ डॉलर के अपने आवंटन को पूरा करेगी। साल 2020 से अब तक इस नदी को साफ करने के लिए दोनों देशों की सरकारें 65 करोड़ डॉलर से ज्यादा रकम खर्च कर चुके हैं। साल 2027 तक नदी को साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। 195 किलोमीटर लंबी तिजुआना नदी मेक्सिको के तट से अमेरिका के दक्षिणी केलिफोर्निया को पार करते हुए बहती है और प्रशांत महासागर में गिरती है। इस नदी में प्रदूषण के चलते समुद्र में तैरने वाले तैराक, सर्फर और लाइफगार्ड बीमार हो रहे हैं। वहीं पानी में नहीं जाने वाले स्कूली बच्चे, सीमा सुरक्षा बल के जवान और अन्य लोग भी बीमार हो रहे हैं, क्योंकि प्रदूषण झाग बनकर वाष्पित हो जाता है और फिर हवा के जरिए लोगों के शरीर में पहुंच रहा है, जिससे पानी में न जाने वाले लोग भी बीमार हो रहे हैं।

### भारत से अच्छे संबंध चाहता है बांग्लादेश, विदेशी सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन बोले, आपसी सम्मान आधार

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश के विदेश सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने गुरुवार को कहा कि अंतरिम सरकार हमेशा भारत के साथ आपसी सम्मान और समानता के आधार पर अच्छे संबंध चाहती है। मोहम्मद तौहीद हुसैन ने यह बात तब कही, जब उनसे पूछा गया कि क्या वे भारत की मेडिकल टीम के बांग्लादेश में आने को दोनों देशों के बीच बेहतर रिश्तों का सकारात्मक संकेत मानते हैं? बांग्लादेश के ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, हम शुरू से ही यही चाहते थे। हमने हमेशा कहा है कि हम भारत के साथ अच्छे कामकाजी रिश्ते चाहते हैं। हमारा रुख वही है। अंतरिम सरकार में किसी ने भी कभी यह नहीं कहा कि वे भारत के साथ अच्छे संबंध नहीं चाहते। दरअसल, भारत से विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सों की एक टीम बुधवार रात ही ढाका पहुंची थी, जो विमान हादसे में घायल लोगों का इलाज कर रही है। यह टीम दिल्ली के राम मनोहर लोहिया और सफदरजंग अस्पतालों से आई है, जिसमें बर्न और प्लास्टिक सर्जरी के विशेषज्ञ शामिल हैं। इस टीम ने गुरुवार सुबह से मरीजों का इलाज शुरू कर दिया है। भारतीय डॉक्टरों की यह टीम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आश्वासन के बाद ढाका पहुंची है। पीएम मोदी ने विमान हादसे के बाद बांग्लादेश को हर संभव मदद का वादा किया था। टीम में शामिल डॉक्टर मरीजों की स्थिति का आकलन कर रहे हैं और जरूरत पड़ने पर भारत में विशेष इलाज की सलाह देंगे। बता दें कि 21 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी ने ढाका में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की थी और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया था। इससे पहले, भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सरकार को पत्र लिखकर पूछा था कि घायलों के लिए भारत में कोई विशेष चिकित्सा सहायता की जरूरत है।

## सीरिया के गोला-बारूद डिपो में जबरदस्त धमाका, सात की मौत

**डमस्कस, एजेंसी।** उत्तर सीरिया के इदलिब प्रांत में गुरुवार को एक गोला-बारूद डिपो में बड़ा धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई और 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय राहतकर्मियों और निगरानी समूहों ने दी। धमाके की सटीक वजह अभी साफ नहीं हो पाई है और किसी भी सरकारी एजेंसी की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया है। ब्रिटेन-स्थित निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि धमाका एक अम्यूनिशन डिपो (गोला-बारूद के गोदाम) में हुआ। व्हाइट हेलमेट्स के नाम से प्रचलित सीरियन सिविल डिफेंस ने कहा कि धमाका इदलिब के माआरत मिसरीन शहर में हुआ। जारी बयान में कहा गया कि हमारी टीम मौके से शवों को निकाल रही है, घायलों का इलाज कर रही है और आग बुझाने का काम कर रही है। वहीं सीरिया की सरकारी टीवी अल-इखबारिया ने इसे युद्ध के बचे हुए अवशेषों से जुड़ा धमाका बताया है। इसका मतलब है कि यानी वो हथियार और गोला-बारूद जो लंबे गृहयुद्ध के दौरान छूट गए थे। सीरियाई नागरिक सुरक्षा दल व्हाइट हेल्मेट्स ने बताया कि विस्फोट में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। यह विस्फोट बृहस्पतिवार को इदलिब के उत्तर में मारात मिसरिन शहर में हुआ। व्हाइट हेल्मेट्स ने एक बयान में कहा, ''यह केवल उन लोगों की मृत्यु का आंकड़ा है।

# फिलिस्तीन को आजाद देश की मान्यता देगा फ्रांस

## सितंबर में राष्ट्रपति मैक्रों यूएन में ऐलान करेंगे; इजराइल ने कहा- आतंकवाद को इनाम दे रहे

**पेरिस/ तेल अवीव, एजेंसी।** फ्रांस जल्द ही फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान इस मान्यता को औपचारिक रूप से घोषित करेंगे। मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मिडिल ईस्ट में स्थायी शांति की दिशा में फ्रांस की प्रतिबद्धता के तहत मैंने यह फैसला लिया है। शांति संभव है। आज सबसे जरूरी है कि गाजा में जंग रुके और नागरिकों की जान बचे। फिलिस्तीनी अथॉरिटी ने फ्रांस के फैसले पर खुशी जताई हैं, वहीं इजराइल ने इसका विरोध किया है।

इजराइल बोला- आतंकवाद को इनाम दे रहे इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस फैसले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, यह फैसला आतंकवाद को इनाम देने जैसा है और यह गाजा जैसे एक और ईरानी समर्थित प्रॉक्सी को जन्म देगा। ऐसी स्थिति में एक फिलिस्तीनी राष्ट्र, इजराइल के साथ शांति से नहीं, बल्कि उसे मिटाने के लिए इस्तेमाल होगा। फिलिस्तीनी अथॉरिटी ने फ्रांस के इस कदम का स्वागत किया है। राष्ट्रपति महमूद अब्बास को गुरुवार को औपचारिक पत्र सौंपा गया। पीएलओ के उपाध्यक्ष हुसैन अल-शीख ने कहा, हम मैक्रों के इस निर्णय की सराहना करते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय कानून और फिलिस्तीनी जनता के अधिकार के प्रति फ्रांस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



**अब तक 140 से ज्यादा देशों ने दी है मान्यता :** फ्रांस फिलिस्तीन को आधिकारिक मान्यता देने वाला सबसे बड़ा पश्चिमी देश है। अब तक 140 से अधिक देश फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दे चुके हैं। इनमें कई यूरोपीय देश भी शामिल हैं। फिलिस्तीनी लोग एक स्वतंत्र राज्य की मांग कर रहे हैं। इसमें वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पट्टी का क्षेत्र शामिल है। इन पर इजराइल ने 1967 की मिडिल ईस्ट वॉर के दौरान कब्जा कर लिया था।

ब्रिटेन और जर्मनी के साथ आपात बैठक करेगा फ्रांस फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शुक्रवार को ब्रिटेन और जर्मनी के नेताओं के साथ गाजा के हालात, भूख से जूझ रहे लोगों तक मदद पहुंचाने और युद्ध को रोकने पर आपात बैठक वाले हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा, राज्य का दर्जा फिलिस्तीनी जनता का जन्मसिद्ध अधिकार है। संघर्षविराम हमें एक फिलिस्तीनी राष्ट्र की मान्यता और दो-राष्ट्र समाधान की दिशा में ले जाएगा, जो इजराइल और फिलिस्तीन दोनों के लिए शांति और सुरक्षा की गारंटी है। फ्रांस में यूरोप की सबसे बड़ी यहूदी और मुस्लिम आबादी रहती है। मिडिल-ईस्ट में होने वाला तनाव का असर फ्रांस में भी दिखाई देता है। मैक्रों ने 7 अक्टूबर को हमास के इजराइल पर हमले के बाद इजराइल के समर्थन में बयान दिया था। लेकिन अब गाजा में इजराइल की कार्रवाई को लेकर वे खुले तौर पर नाराजगी जता रहे हैं। फ्रांस और सऊदी अरब अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में टू-स्टेट सॉल्यूशन पर एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन करने जा रहे हैं।

## फिलीपींस में तूफान को-मे का कोहराम, 25 की मौत; 2.78 लाख लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस में पिछले एक हफ्ते से जारी मूसलधार बारिश और भूस्खलन के बीच अब ट्रॉपिकल तूफान को-मे ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे फिलीपींस के लिए यह तूफान एक और बड़ा झटका साबित हुआ है। ऐसे में सरकार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भूमिका अहम बन जाती है ताकि लाखों लोगों को सुरक्षित और आवश्यक मदद मिल सके। इस खतरनाक तूफान के कारण अब तक कम से कम 25 लोगों की जान जा चुकी है और लगभग 2.78 लाख लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा है। तूफान शुक्रवार को देश के उत्तरी पहाड़ी इलाकों से गुजरा।



इतनी रफ्तार से आया तूफान को-मे नाम का यह तूफान गुरुवार की रात पांगासिनान प्रांत के अग्नो कस्बे में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया। इसके झोंकों की गति 165 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई थी। शुक्रवार सुबह तक इसकी ताकत थोड़ी कम हुई और यह 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वोत्तर दिशा की ओर बढ़ता दिखा। मॉनसून को भी किया और भयानक तूफान ने देश में पहले से ही चल रही मौसमी बारिश को और ज्यादा तीव्र बना दिया। पिछले एक हफ्ते से लगातार हो रही बारिश से कई इलाकों में बाढ़, पेड़ों के गिरने, भूस्खलन और बिजली के झटकों से लोगों की जान गई है। फिलहाल आठ लोग लापता हैं। हालांकि, तूफान को-मे से सीधे मौत की कोई पुष्टि अब तक नहीं हुई है। स्कूल बंद, 35 प्रांतों में क्लास सस्पेंड सरकार ने राजधानी मनीला में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। लुजोन के मुख्य उत्तरी इलाके के 35 प्रांतों में कक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। कम से कम 77 शहरों और कस्बों में आपातकाल घोषित किया गया है, जिससे राहत फंड जल्दी मिल सके और जरूरी सामान जैसे चावल की कीमतें न बढ़ें। 278,000 लोगों का विस्थापन, सेना तैनात सरकारी आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, 2.78 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ और तूफान के कारण अपने घरों को छोड़ चुके हैं। इनमें से अधिकांश को आपातकालीन शेल्टर या रिश्तेदारों के घरों में शरण लेनी पड़ी। अब तक लगभग 3,000 घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। राहत और बचाव के लिए सेना, पुलिस, कोस्ट गार्ड, दमकल कर्मियों और स्थानीय वॉलंटियरों को तैनात किया गया है। राष्ट्रपति की चेतावनी और अमेरिकी मदद का वादा राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने व्हाइट हाउस यात्रा से लौटने के बाद राहत शिविरों का दौरा किया और लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की। उन्होंने एक आपात बैठक में कहा कि अब जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसी आपदाएं और ज्यादा और अनिश्चित होंगी। अमेरिकी सरकार ने राहत सामग्री और भोजन को दूर-दराज के क्षेत्रों में पहुंचाने के लिए अपने सैन्य विमानों की मदद देने का वादा किया है।

## बीमा के 5.4 करोड़ रुपये पाने के लिए सर्जन ने खुद कटवा लिए अपने दोनों पैर, कोर्ट में सनसनीखेज खुलासा

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में एक सर्जन पर बेहद चौंकाने वाला आरोप लगा है। कोर्ट में बताया गया कि 49 वर्षीय डॉक्टर नील हॉपर्स ने बीमा क्लेम के लिए अपने दोनों पैरों को जानबूझकर कटवा लिया। इस मामले ने ब्रिटिश मेडिकल जगत और आम लोगों को हैरान कर दिया है। डॉक्टर पर गंभीर आपराधिक आरोप लगे हैं और उनका मेडिकल रजिस्ट्रेशन निलंबित कर दिया गया है। कोर्ट में पेश साक्ष्यों के अनुसार, डॉक्टर हॉपर्स ने अपने बीमा पॉलिसी के तहत कुल 5.4 करोड़ रुपये (करीब 500,000 पाउंड) पाने के लिए अपने दोनों पैरों की सर्जिकल कटिंग कराई। उन्होंने दो बीमा कंपनियों अरिवा ग्रुप और ओल्ड म्युचुअल से क्रमशः 2.3 करोड़ और 2.3 करोड़ रुपये के क्लेम की योजना बनाई थी। उन्होंने दावा किया कि उन्हें सेप्सिस (खून में संक्रमण) के कारण अपने पैर गंवाने पड़े।

**जांच में हुआ खुलासा :** जांच में सामने आया कि डॉक्टर हॉपर्स ने द इयूनच मेकर नाम की वेबसाइट से अंगों को काटने से जुड़े वीडियो खरीदे थे। इतना ही नहीं, उन्होंने एक एक्सट्रीम बॉडी मॉडिफिकेशन रिंग चलाने वाले मारियस गुस्तावसन को दूसरों के शरीर के अंग काटने के लिए उकसाया और उसका समर्थन किया। यह आरोप 2018 से 2020 के बीच की घटनाओं से जुड़ा है। गंभीर आरोप, कोर्ट में लंबी सुनवाई की तैयारी डॉक्टर हॉपर्स पर न सिर्फ खुद को नुकसान पहुंचाने का आरोप है, बल्कि यह भी कहा गया है कि उन्होंने जानबूझकर दूसरों को भी शारीरिक क्षति पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उनके खिलाफ गंभीर शारीरिक क्षति पहुंचाने में सहायता या प्रोत्साहन का मामला चल रहा है। पुलिस की पूछताछ और सबूतों के आधार पर मामले की सुनवाई आगे जारी है। हॉपर्स वर्ष 2013 से रॉयल कॉर्नवाल हॉस्पिटल्स एनएचएस ट्रस्ट में सेवा दे रहे थे, लेकिन मार्च 2023 में गिरफ्तारी के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने साफ किया कि डॉक्टर हॉपर्स के खिलाफ पेश आरोपों का उनके पेशेवर व्यवहार से कोई लेना-देना नहीं है और अब तक मरीजों की सुरक्षा को लेकर कोई खतरा नहीं पाया गया है। बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में डॉक्टर हॉपर्स ने बताया कि वो कई बार लोगों की सर्जरी करते हैं और जब उनके पैरों की बारी आई तो उन्हें खुद पर पावर टूल्स का इस्तेमाल अजीब लगा। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें तीन महीने में चलने की उम्मीद थी।



## कैपिटल दंगों पर कार्रवाई करने वाले वकील को नौकरी से निकाला गया, बोले- ईमानदारी की सजा मिली

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** वाशिंगटन में 6 जनवरी 2021 के कैपिटल हिल दंगे से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामलों की पैरवी करने वाले प्रमुख अभियोजक माइकल गॉर्डन ने सरकार के खिलाफ केस दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें ट्रंप समर्थकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की सजा दी गई है। गॉर्डन ने कहा कि उन्हें जून में बिना किसी ठोस कारण के नौकरी से निकाल दिया गया, जबकि उनके प्रदर्शन की समीक्षा में उन्हें सर्वोच्च रेटिंग दी गई थी।

गॉर्डन का कहना है कि उनकी बर्खास्तगी सिर्फ इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने कानून का पालन किया और ट्रंप समर्थकों के खिलाफ केस लड़ने में अहम भूमिका निभाई। वे उन पहले अफसरों में हैं जिन्होंने सरकार के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनके साथ दो और पूर्व अधिकारी पैट्रीशिया हार्टमैन और जोसेफ टिर्रेल भी इस केस में याचिकाकर्ता हैं।

प्रमुख आरोपियों के केस लड़े गॉर्डन ने अब तक 36 से ज्यादा दंगा आरोपियों के खिलाफ केस लड़े हैं, जिनमें नैन्सी पेलोसी के ऑफिस में पांव रखने वाला रिचर्ड बार्नेट और प्लास्टिक हैंडकफ लेकर सीनेट पहुंचने वाला एरिक मुनचेल शामिल हैं। उन्होंने जे6 प्रेइंग ग्रैंडमा के नाम से मशहूर रेबेका लावरेंज और रे एप्स जैसे विवादास्पद आरोपियों के केस भी हैंडल किए हैं। ट्रंप प्रशासन पर गंभीर सवाल गॉर्डन ने कहा कि ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद न्याय विभाग में कई लोगों को निकाला गया, लेकिन उन्हें इस उम्मीद थी कि उनका काम उन्हें बचा लेगा। मगर जब उन्हें भी निकाल दिया गया, तो उन्होंने चुप न रहने और कानूनी लड़ाई लड़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि अगर हम चुप रहे तो न्याय का मतलब वही होगा जो राष्ट्रपति कहे, न कि कानून। फायरिंग के पीछे कोई ठोस कारण नहीं गॉर्डन को बर्खास्त करने की चिट्ठी में सिर्फ यूएस संविधान के अनुच्छेद-।। का हवाला दिया गया, जिसमें राष्ट्रपति को नियुक्ति और बर्खास्तगी का अधिकार होता है। उन्होंने कहा कि जब वे एक 100 मिलियन डॉलर के फ्रॉड केस के ट्रायल की तैयारी कर रहे थे, तभी ऑफिस का एक एडमिनिस्ट्रेटर आया और उन्हें बर्खास्तगी की चिट्ठी पकड़ा दी। राजनीतिक हस्तक्षेप बनाम न्याय की स्वतंत्रता इस मामले ने अमेरिका में न्यायपालिका की स्वतंत्रता और राजनीतिक हस्तक्षेप को लेकर बहस छेड़ दी है। गॉर्डन ने कहा कि वह अपने बच्चों को ऐसा देश नहीं देना चाहते जहां न्याय की परिभाषा सत्ता तय करे। प्रतिनिधि सभा की सदस्य कैथी कास्टर ने अटॉर्नी जनरल से गॉर्डन को फिर बहाल करने की मांग की है। गॉर्डन की लड़ाई अब सिर्फ नौकरी की नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था की गरिमा और स्वतंत्रता को बचाने की है। उनका कहना है कि अगर ईमानदार अफसरों को सजा दी जाएगी, तो जनता की कानून पर से आस्था खत्म हो जाएगी।



# भारत/इंग्लैंड चौथे टेस्ट : इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाई 311 रन की बढ़त, भारत का स्कोर 1/2

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** इंग्लैंड के शनिवार को यहां चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन पहली पारी में 669 रन बनाकर 311 रन की विशाल बढ़त लेने के बाद भारत ने लंच तक दूसरी पारी में एक रन पर दो विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने पहले ही ओवर में लगातार गेंदों पर यशस्वी जायसवाल और बी साई सुदर्शन को आउट कर दिया जिससे मेहमान टीम अब 310 रन से पीछे है।

इससे पहले कप्तान बेन स्टोक्स के शतक की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का विशाल स्कोर बनाया। स्टोक्स (141 रन, 198 गेंद) ने दो साल के सूखे को खत्म करते हुए अपना 14वां टेस्ट शतक जड़ा। जसप्रीत बुमराह ने अपने 48वें टेस्ट में पहली बार एक पारी में 100 या उससे ज्यादा रन दिए। भारत के लिए रविंद्र जडेजा ने चार विकेट लिए। तीसरे दिन स्टंप्स के समय इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स 77 रन पर खेल रहे थे जबकि लियाम डॉसन 21 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है। रूट ने अपनी इस यादगार पारी के दौरान ओली पोप (71) के साथ तीसरे विकेट के लिए 144 और बेन स्टोक्स के साथ 142 रन की साझेदारी की।

रूट ने अपनी 248 गेंद की शानदार पारी के दौरान 14 चौके लगाने के साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। वह 120 के व्यक्तिगत स्कोर पर पहुंचते ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग (13378) को पछाड़कर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गये। अपना 157वां टेस्ट खेल रहे 34 साल के रूट ने दिन के पहले सत्र में सबसे ज्यादा टेस्ट रन के मामले में भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ (13288) और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान हरफनमौला जैक कैलिस (13289) को पीछे छोड़ा। वह अब सिर्फ भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (15921) से पीछे हैं।

भारत के खिलाफ 2012 में नागपुर टेस्ट पदार्पण करने वाले रूट ने इस देश के खिलाफ अपना 12वां शतक जड़कर एक और रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के भारत के खिलाफ 11 टेस्ट शतक के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। रूट के टेस्ट करियर का यह 38 वां शतक हैं। वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप में शतक बनाने वालों की सूची में श्रीलंका के पूर्व दिग्गज कुमार संगकारा के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। इस सूची में उनसे आगे तेंदुलकर (51), जैक कैलिस (45) और पोंटिंग (41) हैं। रूट ने अपनी इस यादगार पारी के दौरान ओली पोप (71) के साथ तीसरे विकेट के लिए 144 और स्टोक्स के साथ 142 रन की साझेदारी की।

स्टोक्स 66 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गये लेकिन क्रिस वोक्स (चार) के रूप में छठा विकेट गिरने के बाद फिर से बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर आये। पिच की असमान उछाल को देखते हुए इंग्लैंड की कोशिश बड़ी बढ़त कायम कर भारत पर दबाव बनाने की होगी क्योंकि मैच के चौथे और पांचवें दिन गेंद के नीचे रहने के कारण बल्लेबाजी और मुश्किल होती जाएगी। रूट ने अपनी पारी में मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए। तेज गेंदबाजों के खिलाफ कवर क्षेत्र की ओर गेंद को सहलाते हुए चौका लगाने के अलावा उन्होंने शॉट गेंद के खिलाफ सहजता से पुल शॉट खेले तो वही स्पिनरों के खिलाफ आसानी से स्वीप और रिवर्स स्वीप पर रन बटोरे। उनकी पारी का अंत दिन के आखिरी सत्र में रविंद्र जडेजा (117 रन पर दो विकेट) की गेंद पर हुआ, जब उनका पैर क्रीज से बाहर निकल गया और विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने समय गवाएं बिना गिल्लियां बिखेर दी।

जसप्रीत बुमराह (95 रन पर एक विकेट) ने इसके बाद खतरनाक जैमी स्मिथ (नौ) को चलता किया तो वहीं मोहम्मद सिराज (113 रन पर एक विकेट) को वोक्स के रूप में पहली सफलता मिली। भारतीय गेंदबाजों के लिए दिन का पहला सत्र पूरी तरह से निराशाजनक रहा लेकिन वाशिंगटन सुंदर (57 रन पर दो विकेट) ने



दूसरे सत्र की शुरुआत में पोप और हैरी ब्रुक (तीन) के विकेटों के साथ भारत को दो सफलता दिलाई। भारत ने लंच के बाद दूसरे सत्र की शुरुआत में सुंदर और रविंद्र जडेजा की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी से गेंदबाजी कराई। सुंदर ने पोप को स्लीप में लोकेश राहुल के हाथों कैच कराकर रूट के साथ तीसरे विकेट के लिए उनकी 144 रन की साझेदारी को तोड़ा। हैरी ब्रुक सुंदर के खिलाफ क्रीज से बाहर निकल कर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में स्टंप हो गए।

रूट ने अंशुल कंबोज (89 रन पर एक विकेट) के खिलाफ ग्लांस कर चौके के साथ टेस्ट में अपना 38वां शतक पूरा किया और चाय के विश्राम से पहले इस गेंदबाज के खिलाफ एक रन चुराकर पोंटिंग के टेस्ट करियर के रनों को पीछे छोड़ दिया। बुमराह ने नयी गेंद से सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की और फिर मैदान से बाहर चले गये जिससे भारत की मुश्किलें और बढ़ गयी। वह चाय के विश्राम से पहले गेंदबाजी के लिए लौटे लेकिन अंपायरों ने उन्हें बताया कि वह जितने देर मैदान से बाहर रहे है उतना समय मैदान पर बिताने के बाद ही गेंदबाजी कर सकते हैं।

# बुमराह के नाम जुड़ा एक और रिकॉर्ड, इंग्लैंड में 50 टेस्ट विकेट वाले तीसरे एशियाई तेज गेंदबाज बने



**लंदन (एजेंसी)।** मैनचेस्टर = भारतीय अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में 50 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह वसीम अकरम (53) और इशांत शर्मा (51) के बाद इंग्लैंड में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले सरे एशियाई गेंदबाज बन गए। उन्होंने शुक्रवार को ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट मैदान पर चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।

अब बुमराह के नाम 12 मैचों में 26.38 की औसत और मात्र 2.79 की इकॉनमी रेट के साथ 50 विकेट हो गए हैं। उन्होंने 4 विकेट हॉल भी अपने नाम किए हैं। बुमराह ने चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 15 ओवर फेंके, 48 रन दिए और विकेटकीपर जेमी स्मिथ का केवल एक विकेट लिया। दूसरे दिन की गेंदबाजी को ध्यान में रखते हुए उनका कुल स्पेल 28 ओवरों में 1/95 रहा।

श्रृंखला में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के बावजूद उन्होंने पांच पारियों में 26.69 की औसत से 13 विकेट लिए, जिसमें 2 बार पांच विकेट भी शामिल हैं, लेकिन आंकड़े अभी भी निराशाजनक लग रहे हैं क्योंकि वह चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद टेस्ट मैचों में वापसी कर रहे थे, जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024/25 के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर से दूर हुई थी, जिसके दौरान उन्होंने 13.06 की औसत से रिकॉर्ड तोड़ 32 विकेट लिए, जिसमें दो बार चौके और तीन बार पांच विकेट शामिल हैं।

# इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एथरटन बोले- भारत के दो विकेट जल्दी गिरना कोई आश्चर्य की बात नहीं

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन का मानना है कि ओल्ड ट्रैफर्ड में चल रहे चौथे टेस्ट में भारत अब बहुत पीछे है। उन्होंने आगे कहा कि चौथे दिन लंच ब्रेक से पहले मेहमान टीम के दो विकेट जल्दी गिरने से उन्हें कोई आश्चर्य नहीं हुआ। अनुभवी ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने यशस्वी जायसवाल और बी साई सुदर्शन को शून्य पर आउट कर दिया जिससे भारत तीन ओवर में मुश्किल में पड़ गया। वे अभी भी इंग्लैंड से 300 से ज़्यादा रन पीछे हैं और टेस्ट को आखिरी दिन तक ले जाने के लिए उन्हें कुछ बड़ा करने की जरूरत है।



एथर्टन ने कहा, 'सलामी बल्लेबाजों को 300 से ज़्यादा रन पीछे रहना होगा, टेस्ट क्रिकेट में शायद इससे मुश्किल कोई स्थिति नहीं होती और इसलिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी कि शुरुआती दो विकेट गिर गए। अब बहुत पीछे है। जायसवाल के लिए यह पुरानी सीरीज वाकई मजेदार रही है, कुछ उतार-चढ़ाव भरे भी। और सुदर्शन के साथ भारत को तीसरे नंबर पर एक समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि वे वहां किसी को चुन ही नहीं पा रहे हैं।'

# टिम डेविड ने लगाया तीसरा सबसे तेज शतक, ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर टी20 श्रृंखला जीती

**बासेटेरे (सेंट किट्स) (एजेंसी)।** टिम डेविड ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे तेज शतक बनाया जिससे उनकी टीम ने शुक्रवार को पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शाई होप के नाबाद 102 रन की मदद से चार विकेट पर 214 रन बनाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने डेविड और मिशेल ओवेन की 128 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 16.1 ओवर में चार विकेट पर 215 रन बनाकर जीत सुनिश्चित की और श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल की।

डेविड ने सेंट किट्स के वार्नर पार्क में छोटे मैदान का पूरा फायदा उठाते हुए



अपना छठा चौका लगाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक पूरा किया और ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने सिर्फ 37 गेंदों में 11 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए और पिछले साल स्कॉटलैंड के खिलाफ जोश इंग्लिस द्वारा बनाए गए 43 गेंदों पर शतक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पूर्णकालिक सदस्य देशों में यह क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में तीसरा सबसे तेज शतक भी है। केवल भारत के रोहित शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर ही उनसे आगे हैं। इन दोनों ने 2017 में 35 गेंदों में शतक लगाया था।

डेविड ने मैच के बाद कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे ऑस्ट्रेलिया की तरफ से शतक बनाने का मौका मिलेगा, इसलिए मैं उस अवसर के लिए बहुत आभारी हूं और बहुत उत्साहित हूं।' डेविड की आतिशी पारी ने होप (57 गेंदों पर 102 रन) के शानदार नाबाद शतक को फीका कर दिया, जिसमें आठ चौके और छह छक्के शामिल हैं। होप ने अपने सलामी जोड़ीदार ब्रैंडन किंग के साथ मिलकर 11.4 ओवर में 125 रन जोड़े। किंग ने 36 गेंदों पर 62 रन बनाए। क्रिस गेल के बाद होप वेस्टइंडीज के ऐसे दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने तीनों प्रारूप में शतक लगाए हैं।

# मेस्सी एक मैच के लिए निलंबित, इंटर मियामी ने जताया विरोध

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी और जोर्डी अल्बा को ऑल स्टार मैच में भाग नहीं लेने के कारण मेजर लीग सॉकर (स्रूस) ने एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है जिसका उनके क्लब इंटर मियामी ने विरोध किया है। इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने शुक्रवार को एक मैच के निलंबन के बारे में कहा, 'यह उनकी समझ से परे है कि प्रदर्शनी मैच में भाग न लेने पर सीधे निलंबन क्यों हो जाता है।' मेस्सी और अल्बा ने एमएलएस और मैक्सिको के लीगा एमएक्स के बीच मैच के लिए टीम में चुने जाने के बावजूद हिस्सा नहीं लिया था। मेस्सी व्यस्त कार्यक्रम के बीच आराम करने के लिए नहीं खेले और अल्बा अपनी पिछली चोट से जूझ रहे हैं। मास ने कहा कि क्लब ने मेस्सी और अल्बा को ऑल-स्टार मैच से बाहर रखने का फैसला किया। स्रूस के नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो लीग से अनुमति लिए बिना ऑल स्टार मैच में नहीं खेलता उसे एक मैच के लिए निलंबित कर दिया जाता है।



# जो रूट ने तोड़ा रिकी पोंटिंग का 13 साल पुराना रिकॉर्ड, पोंटिंग ने दी बधाई

नई दिल्ली। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रचते हुए अब तक के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया, जिनका रिकॉर्ड पिछले 13 वर्षों से अटूट बना हुआ था। जो रूट अब सिर्फ भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं, जिनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 15,921 रन दर्ज हैं, जबकि रूट के अब 13,409 रन हो गए हैं। मैनचेस्टर टेस्ट के तीसरे दिन यह उपलब्धि हासिल करते समय रूट 120 रन पर नाबाद थे। रिकी पोंटिंग खुद उस समय कमेंट्री कर रहे थे और उन्होंने रूट को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए ऑन-एयर बधाई दी। पोंटिंग ने कहा, जो रूट को बधाई। अब वह टेस्ट क्रिकेट में रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। यह इतिहास का एक शानदार क्षण है। ओल्ड ट्रैफर्ड का यह जानकार दर्शक वर्ग इस पल का गवाह बना। अब बस एक और खिलाड़ी उनसे आगे है सचिन तेंदुलकर। जो रूट की यह पारी उनकी मौजूदा फॉर्म का प्रमाण भी है। इस पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में यह उनका दूसरा शतक है, और उन्होंने इस मुकाबले में 150 रन की अहम पारी खेली। इस प्रदर्शन के साथ ही सीरीज में उनके कुल रन 400 के पार पहुंच गए हैं। खास बात यह है कि इस मैच से पहले वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में पांचवें स्थान पर थे, लेकिन अब उन्होंने राहुल द्रविड़, जैक कैलिस और पोंटिंग को पछाड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। रूट की निरंतरता और तकनीकी उत्कृष्टता ने उन्हें टेस्ट क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में शामिल कर दिया है। जिस तरह से उन्होंने बीते कुछ वर्षों में प्रदर्शन किया है, उसे देखकर क्रिकेट विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर फिटनेस बनी रही तो वह सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को भी चुनौती दे सकते हैं।



# एशिया कप 2025 का आयोजन यूएई में होगा

## - 9 से 28 सितंबर तक चलेगी प्रतियोगिता

**ढाका (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 9 से 28 सितंबर तक किया जाएगा। इसकी आधिकारिक पुष्टि एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने ढाका में हुई बैठक के बाद की। इस बैठक में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के प्रतिनिधि भी वर्चुअली शामिल हुए। नकवी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट क्रिकेट प्रेमियों के लिए शानदार अनुभव होगा और जल्द ही विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी।




गौरतलब है कि इस टूर्नामेंट की मेजबानी मूल रूप से भारत को सौंपी गई थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच जारी राजनीतिक तनाव के चलते इसका स्थानांतरण यूएई में कर दिया गया। टूर्नामेंट के मुकाबले दुबई, शारजाह और अबू धाबी जैसे शहरों में कराए जाने की संभावना है। एशिया कप 2025 इस बार टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा और इसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, हांगकांग और ओमान जैसी टीमें भाग लेंगी। भारत मौजूदा चैंपियन है, जिसने 2023 में श्रीलंका को हराकर 50 ओवर के फॉर्मेट में यह खिताब अपने नाम किया था।

इससे पहले 2023 का एशिया कप भी भारत-पाक संबंधों के कारण हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था, जिसमें चार मैच पाकिस्तान और बाकी श्रीलंका में आयोजित किए गए थे। इसी तरह, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर भी राजनीतिक माहौल का असर पड़ा और भारतीय टीम ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान जाकर खेलने से इनकार कर दिया, जिससे उसे यूएई में ही अपने सभी मुकाबले खेलने पड़े। टूर्नामेंट के कार्यक्रम को लेकर उत्साह इस बात से भी है कि अगर भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया तो वे तीन बार भिड़ सकते हैं ग्रुप स्टेज, सुपर-4 और फिर फाइनल में। क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह एक रोमांचक अनुभव साबित हो सकता है।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम को असुरक्षित बताने वाली रिपोर्ट से महिला विश्व कप पर संकट



बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी'कुन्हा आयोग ने बेंगलुरु के प्रतिष्ठित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को जनसमूह के लिए अनुपयुक्त और असुरक्षित घोषित कर दिया है। यह निष्कर्ष उस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे के बाद आया है, जिसमें आईपीएल विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जश्न के दौरान मची भगदड़ में 11 प्रशंसकों की जान चली गई और कई अन्य घायल हुए। इस घटना के बाद राज्य सरकार ने आयोग का गठन किया था, जिसकी रिपोर्ट अब राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष पेश की जा चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेडियम का वर्तमान ढांचा बड़ी भीड़ के अनुकूल नहीं है, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर खतरा है। इस रिपोर्ट के प्रकाश में आने के बाद इस साल के अंत में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के शुरुआती मुकाबले और फाइनल जैसे बड़े आयोजन खतरे में पड़ सकते हैं, क्योंकि ये मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही निर्धारित हैं। इससे बीसीसीआई को वैकल्पिक स्थानों पर विचार करना पड़ सकता है। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने भी एहतियात के तौर पर अगले महीने होने वाले महाराजा ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट को दर्शकों के बिना कराने का फैसला लिया है। आयोग का कहना है कि बड़ी खेल प्रतियोगिताओं को ऐसे स्थानों पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए, जो बड़ी संख्या में दर्शकों को सुरक्षित रूप से समायोजित कर सकें। रिपोर्ट में सुधारात्मक सुझाव भी शामिल हैं, जैसे प्रवेश और निकास द्वारों का पुनर्गठन तथा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप आपातकालीन निकासी योजनाओं की तैयारी। आयोग ने चेताया है कि जब तक ये ढांचागत परिवर्तन नहीं होते, तब तक चिन्नास्वामी जैसे आयोजन स्थलों पर बड़े कार्यक्रमों का आयोजन सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम बना रहेगा। इसके साथ ही आयोग ने केएससीए के शीर्ष पदाधिकारियों और आयोजन से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की है। हालांकि, डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स ने इस आयोग और उसकी रिपोर्ट के निष्कर्षों को चुनौती देते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख किया है।

# दूसरे छोर से सहयोग मिलने पर और खतरनाक हो जाते हैं बुमराह: जोनाथन ट्रॉट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर जोनाथन ट्रॉट ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर अहम टिप्पणी की है। उनका मानना है कि बुमराह जब गेंदबाजी के दूसरे छोर से अच्छा समर्थन पाते हैं, तो बुमराह कहीं ज्यादा असरदार साबित होते हैं। मौजूदा पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 1-2 से पिछड़ रही है और चौथे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड पर 186 रनों की बढ़त हासिल कर चुका है। इस मैच में बुमराह अब तक कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं, हालांकि ट्रॉट का कहना है कि उन्होंने सधी हुई गेंदबाजी की है, लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया।

ट्रॉट ने कहा कि बुमराह की इकॉनमी दर इस बात का संकेत है कि उन्होंने अनुशासित गेंदबाजी की, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त दबाव का सहयोग नहीं मिला। जब गेंदबाजी इकाई पूरी ताकत से नहीं खेल रही होती, तो दोनों सिरों से एक साथ दबाव बनाना जरूरी हो जाता है, जिससे बल्लेबाजों पर असर पड़ता है। ट्रॉट ने यह भी जोड़ा कि जब गेंदबाज अकेले दम पर जिम्मेदारी उठाते हैं, तो सफलता मिलना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने भारतीय टीम के गेंदबाजी संयोजन पर भी सवाल उठाए और कहा कि अंशुल कंबोज टेस्ट क्रिकेट की कसौटी पर खरे नहीं उतर पाए। तेज गेंदबाजों ने लगभग 82 ओवर में केवल तीन विकेट चटकाए, जबकि स्पिनरों ने 52 ओवर में चार विकेट लिए। ऐसे में भारत को अपनी गेंदबाजी रणनीति पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की जरूरत है। बुमराह के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने अब तक इस दौरे पर दो टेस्ट खेले हैं और दोनों में भारत को हार का सामना करना पड़ा है। मौजूदा मैच संभवतः उनका इस सीरीज में आखिरी मुकाबला हो सकता है, और अब तक की स्थिति देखकर ऐसा नहीं लगता कि टीम को उनसे उस प्रभाव की उम्मीद पूरी तरह मिल पाई है, जो आमतौर पर उनसे जुड़ी रहती है।



# 'बुमराह जल्द ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं', पूर्व भारतीय क्रिकेटर का चौंकाने वाला खुलासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने चौंकाने वाला खुलासा किया है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट मैच में मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देने में विफल रहने के बाद लाल गेंद के क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। बुमराह ने अब तक इंग्लैंड की पहली पारी में 28 ओवर फेंके हैं और 1/95 रन देकर एक विकेट के आंकड़े के साथ लौटे हैं।

शुक्रवार को खेल के अंतिम सत्र में उनका एकमात्र आउट जेमी स्मिथ था। यह विकेट लेने के बारे में नहीं था, लेकिन चल रहे चौथे टेस्ट में उनकी गति में उल्लेखनीय गिरावट आई है, जहां वह ज्यादातर 130-135 किमी प्रति घंटे की रेंज में चल रहे हैं। हेडिंग्ले में श्रृंखला के पहले मैच के दौरान उनकी गति से काफी गिरावट आई है। लीड्स और लॉर्ड्स दोनों टेस्ट मैचों में, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने लगातार 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को छुआ।


कैफ ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 'मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे और शायद संन्यास भी ले लें। वह अपने शरीर के साथ संघर्ष कर रहे हैं और इस टेस्ट मैच में उनकी गति कम हो गई है। वह एक ईमानदार इंसान हैं और अगर उन्हें लगता है कि वह देश को अपना शत-प्रतिशत नहीं दे पा रहे हैं, तो वह खुद को बाहर कर लेंगे। विकेट न मिलना एक बात है, लेकिन गति भी 125-130 किमी प्रति घंटे तक गिर गई है।'

चिंताएं तब और बढ़ गईं जब बुमराह को दूसरे सत्र के दौरान अपने टखने को पकड़ते हुए देखा गया, हालांकि वह बाद में गेंदबाजी करने के लिए वापस लौटे। यहां तक कि कमेंटेटरों ने भी कहा कि वह खुद को संभालते हुए अपने आप में ही गेंदबाजी करते हुए और सावधानी से क्रीज पर आते हुए दिखाई दिए। कार्यभार प्रबंधन के कारण बुमराह पहले से ही 5 में से केवल तीन टेस्ट मैचों में ही खेल पाएंगे, कैफ ने सुझाव दिया कि प्रशंसकों को आगे चलकर उन्हें लंबे प्रारूप में कम देखने की संभावना के साथ तालमेल बिठाना शुरू करना होगा।

पूर्व बल्लेबाज ने आगे कहा, 'उनके जुनून और प्रतिबद्धता पर कोई शक नहीं है, लेकिन उनका शरीर कमजोर पड़ रहा है। इस टेस्ट में उनका खराब प्रदर्शन साफ दर्शाता है कि उन्हें आगे टेस्ट मैच खेलने में दिक्कत होगी और शायद वह टेस्ट मैच भी न खेलें। विराट कोहली, रोहित शर्मा और अश्विन के बाद भारतीय प्रशंसकों को बुमराह के बिना खेलने के लिए खुद को तैयार करना होगा। मुझे उम्मीद है कि मेरी भविष्यवाणी गलत निकलेगी, लेकिन मैंने जो देखा, मैं वही कह रहा हूं।'

# दीक्षा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ के कट में प्रवेश करने वाली इकलौती भारतीय

नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड)। दीक्षा डागर संयुक्त रूप से 59वें स्थान के साथ 2025 ढ्ढस्क्र हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रही। दीक्षा ने पार-72 के कोर्स पर दूसरे दिन चार ओवर 76 का कार्ड खेल कुल एक ओवर के स्कोर के साथ कट में प्रवेश किया। कट में कुल 71 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। दीक्षा ने पहले दिन तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन लय बरकरार नहीं रख सकी। पेशेवर गोल्फ में पदार्पण कर रही इंग्लैंड की लॉटी वोड दूसरे दिन 65 का कार्ड खेलने के बाद कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। दीक्षा आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर कट में प्रवेश करने में सफल रही। इस दौर के 16वें होल तक उनका स्कोर छह ओवर का था। टूर्नामेंट में खेल रही दो अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (75-73) और त्वेसा मलिक (77-77) कट से चूक गईं।



# देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 695.49 अरब डॉलर पर

**- पिछले सप्ताह में भी भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रह गया था**



**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 18 जुलाई 2025 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.18 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 695.49 अरब डॉलर पर आ गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट देखी गई है। इससे पिछले सप्ताह में भी भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रह गया था। सितंबर 2024 के अंत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के सर्वोच्च स्तर 704.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया था, लेकिन हालिया आंकड़ों के अनुसार इसमें गिरावट का रुझान देखने को मिल रहा है। 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां, 1.20 अरब डॉलर घटकर 587.61 अरब डॉलर रह गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का असर भी शामिल होता है। हालांकि, स्वर्ण भंडार में इस दौरान मामूली वृद्धि दर्ज की गई और इसका मूल्य 15 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.49 अरब डॉलर हो गया। इस सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में भी गिरावट दर्ज की गई और यह 11.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.68 अरब डॉलर पर आ गया। इसके अलावा, भारत का अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखा गया भंडार भी 1.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.69 अरब डॉलर रह गया। इस गिरावट के पीछे विदेशी बाजारों में मुद्रा विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव, आयात-निर्यात असंतुलन और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं को संभावित कारण माना जा रहा है।

# भारत की विनिर्माण गतिविधि जुलाई में उच्चतम स्तर पर पहुंची

**- महंगाई-रोजगार की चुनौती बनी चिंता का विषय**

**मुंबई ।** जुलाई 2025 में भारत की विनिर्माण गतिविधियां 17.5 वर्षों में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा जारी एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई जुलाई में 59.2 पर पहुंच गया, जो जून के 58.4 के मुकाबले उल्लेखनीय वृद्धि है। यह वृद्धि घरेलू और वैश्विक मांग में मजबूती का संकेत देती है। वहीं विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों का संयुक्त पीएमआई 60.7 पर पहुंच गया, जो पिछले एक साल से अधिक समय में सबसे तेज उछाल है। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से तेज मांग, तकनीकी निवेश और उत्पादन क्षमता के विस्तार के कारण संभव हुई है। रोजगार के क्षेत्र में भी सकारात्मक विकास देखने को मिला है, खासकर सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन में मजबूती आई है। भारतीय कंपनियां आने वाले 12 महीनों में उत्पादन वृद्धि को लेकर आशावादी हैं।

कंपनियों ने इस वृद्धि के पीछे बढ़ती मांग, तकनीक में निवेश और क्षमताओं के विस्तार को मुख्य कारण बताया है। पीएमआई आंकड़ों से यह भी पता चला कि वस्तु उत्पादकों ने सेवा प्रदाताओं की तुलना में उत्पादन में तेजी से वृद्धि दर्ज की है, जो अप्रैल 2024 के बाद से सबसे मजबूत रही। हालांकि सेवा क्षेत्र में जुलाई के दौरान गतिविधियों में थोड़ी नरमी देखी गई, फिर भी ऐतिहासिक मानकों के अनुसार वृद्धि की दर अच्छी रही। निजी क्षेत्र में परिचालन सुधार जारी रहा, साथ ही कुल बिक्री, निर्यात आदेश और उत्पादन स्तर में तेज वृद्धि हुई। हालांकि, कारोबारी विश्वास महंगाई और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण लगभग ढाई साल के निचले स्तर पर आ गया है। रोजगार सृजन की दर भी पिछले 15 महीनों में सबसे कम रही।

# रेलवे ने ऑनलाइन टिकट धोखाधड़ी रोकने 2.5 करोड़ यूजर आईडी बंद की

**- यूजर्स के बुकिंग पैटर्न में अनियमितताएं पाए जाने पर लिया फैसला**




**नई दिल्ली ।**

भारतीय रेलवे ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग में हो रही गड़बड़ियों और धोखाधड़ी को रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने आईआरसीटीसी की 2.5 करोड़ से अधिक संदिग्ध यूजर आईडी को बंद कर दिया है। यह जानकारी सरकार ने संसद में दी, जहां सांसद ए. डी. सिंह ने इस मामले को उठाया था। उन्होंने सवाल किया था कि करोड़ों यूजर आईडी क्यों बंद की गईं, टिकट बुकिंग खुलते ही टिकट कैसे गायब हो जाते हैं और इस समस्या से निपटने के लिए रेलवे क्या कदम उठा रहा है। सरकार ने बताया कि इन यूजर्स के बुकिंग पैटर्न में अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते इनकी आईडी को बंद करना जरूरी था। रेलवे ने यह भी बताया कि ट्रेनों की टिकट मांग साल भर एक जैसी नहीं होती। कुछ ट्रेनों की मांग अधिक होती है, खासकर वे जो लोकप्रिय हैं या जिनमें यात्रा का समय कम होता है। ऐसे ट्रेनों के टिकट जल्दी बिक जाते हैं, जबकि अन्य ट्रेनों में टिकट आसानी से मिल जाते हैं। यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए रेलवे ने कई नए नियम लागू किए हैं। 1 जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आइआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप पर आधार कार्ड से वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा। साथ ही, एजेंट तत्काल टिकट बुकिंग खुलने के पहले 30 मिनट तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। यह कदम टिकट बुकिंग प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए उठाया गया है।

# आरबीआई की 7 दिन की वीआरआरआर नीलामी में बैंकों ने बढ़ाई बोली

**- बैंकों ने 1.25 लाख करोड़ की अधिसूचित राशि से अधिक की बोली लगाई**

**नई दिल्ली ।**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में 7 दिन की वैरिएबल रेट रिवर्स रीपो (वीआरआरआर) नीलामी आयोजित की, जिसमें बैंकों ने 1.25 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि से अधिक, यानी 1.42 लाख करोड़ रुपये की बोली लगाई। यह मांग इस बात को दर्शाती है कि बाजार में लिक्विडिटी की जरूरत बढ़ी है। पिछले सप्ताह बैंकों ने आरबीआई के पास जमा किए गए 2 लाख करोड़ रुपये वापस लिए थे, जिससे बाजार में पैसा कम हो गया था और इस नीलामी के जरिए फिर से पैसा उपलब्ध कराया गया। आरबीआई ने इस नीलामी को 5.49 प्रतिशत की कटऑफ रेट पर स्वीकार किया। एक सरकारी बैंक के डीलर ने कहा कि पिछले सप्ताह की वापसी के कारण इस बार मांग अधिक रही। इसके चलते मुद्रा बाजार में ओवरनाइट कॉल रेट गिरकर 5.39 प्रतिशत हो गया, जो पिछले दिन 5.54 प्रतिशत था। यह गिरावट बाजार में सस्ते पैसे का संकेत है। पिछले सप्ताह आरबीआई ने दो बार वीआरआरआर नीलामी कराई थी क्योंकि ओवरनाइट मनी मार्केट रेट ने नीतिगत रीपो रेट से ऊपर जाना शुरू कर दिया था। इन नीलामियों के बाद ओवरनाइट रेट में गिरावट आई, जो मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) से नीचे आ गया। एमएसएफ रेट रीपो रेट से 25 बेसिस पॉइंट ऊपर है, जबकि स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट 25 बेसिस पॉइंट नीचे है। आरबीआई की ये नीलामी और दरों में बदलाव मौद्रिक नीति के तहत बाजार में तरलता बनाए रखने के लिए उठाए गए कदम हैं, ताकि मनी मार्केट स्थिर रहे और बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त पैसा बना रहे। ऐसे कदम से आर्थिक गतिविधियों को सहारा मिलता है और ब्याज दरों में अस्थिरता कम होती है।

# टाटा समूह ने पांच साल में किया 1 लाख करोड़ का निवेश

**- एन. चंद्रशेखरन ने कहा, टाटा समूह भविष्य के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार**

**मुंबई ।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने समूह की वार्षिक रिपोर्ट में जानकारी दी है कि बीते पांच वर्षों में टाटा समूह ने अपनी कंपनियों में 1 लाख करोड़ से अधिक का निवेश किया है। समूह अब सेमीकंडक्टर, डिजिटल सेवाओं, बैटरियों और अक्षय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को अपनी वृद्धि का अगला चरण मान रहा है। उन्होंने कहा कि टाटा समूह भविष्य के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। चंद्रशेखरन ने बताया कि समूह का कुल राजस्व पांच वर्षों में 1.9 गुना बढ़ा है, जबकि शुद्ध लाभ 3.6 गुना तक पहुंच गया है। ऋण अनुपात घटकर 0.7 गुना रह गया है और इक्विटी पर रिटर्न 8.7 से बढ़कर 17.5 फीसदी हो गया है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बारे में उन्होंने कहा कि कंपनी एकीकृत तकनीकी हार्डवेयर और सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रही है। इस कंपनी में 65,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 70 फीसदी महिलाएं हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 में 66,000 करोड़ का राजस्व अर्जित किया। वहीं टाटा की एयर इंडिया ने 78,636 करोड़ का राजस्व और 10,859 करोड़ का घाटा दर्ज किया। टाटा डिजिटल ने 32,188 करोड़ के राजस्व के साथ 4,600 करोड़ का घाटा दिखाया। हालांकि बीमा क्षेत्र की संयुक्त कंपनियों ने लाभ कमाया। चंद्रशेखरन ने कहा कि रणनीतिक अनुशासन और दीर्घकालिक सोच के कारण समूह की नींव मजबूत हुई है, और अब यह अगले तकनीकी युग के लिए तैयार है।

## जून में हीरो की स्प्लेंडर मॉडल की कुल 3,31,057 यूनिट्स की बिक्री

**नई दिल्ली ।** भारतीय टू-व्हीलर बाजार में हीरो मोटोकॉर्प की बाइक्स ने बिक्री के मामले में फिर से अपनी बादशाहत कायम रखी है। एक बार फिर हीरो स्प्लेंडर ने सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक का ताज अपने नाम किया है। जून 2025 के आंकड़ों से पता चलता है कि इस महीने में इस मॉडल की कुल 3,31,057 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो पिछले साल के मुकाबले 8.34प्रतिशत ज्यादा है। वहीं होंडा शाइन दूसरे नंबर पर रही, हालांकि इसकी बिक्री में 11.96 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और केवल 1,43,218 यूनिट्स ही बिक पाईं। हीरो एचएफ डीलक्स भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए 1 लाख से अधिक यूनिट्स बेचने में सफल रही, जो पिछले साल की तुलना में 12.16 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। हालांकि बजाज पल्सर की बिक्री में 20.39 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जिससे इसकी यूनिट्स घटकर 88,452 रह गईं। टीवीएस अपाचे ने 11.37प्रतिशत की ग्रोथ के साथ 41,386 यूनिट्स बेचीं, जबकि रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 की बिक्री 17.61प्रतिशत बढ़कर 29,172 यूनिट्स पहुंच गई। टीवीएस रेडर की बिक्री में गिरावट आई और इसकी 27,481 यूनिट्स ही बिक पाईं।

## एनएफएल ने एवीएफसीसीएल में 1.8 लाख का निवेश किया

**नई दिल्ली ।** नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) ने असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड (एवीएफसीसीएल) में 1.8 लाख का निवेश किया है। एनएफएल ने 10 रुपए प्रति शेयर की दर से 18,000 इक्विटी शेयर खरीदकर एवीएफसीसीएल में 18 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है। एवीएफसीसीएल को 25 जुलाई को एक संयुक्त उद्यम के रूप में शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य असम के नामरूप क्षेत्र में नामरूप आईवी अमोनिया-यूरिया फर्टिलाइजर प्लांट की स्थापना करना है। इस जॉइंट वेंचर में असम सरकार, ऑयल इंडिया लिमिटेड, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और एनएफएल शामिल हैं।

## भारत की स्टील स्लैग रोड तकनीक ने अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई

**- अमेरिका और ओमान में हो रहा उपयोग**

**नई दिल्ली ।** वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) द्वारा विकसित स्टील स्लैग रोड तकनीक अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता पा रही है। अमेरिका के शिकागो और ओमान जैसे देशों में भी इस तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। सीआरआरआई के एक वैज्ञानिक ने बताया कि यह तकनीक भारत के सड़क निर्माण क्षेत्र में एक गेम चेंजर साबित होगी। सड़क निर्माण में मुख्य सामग्री प्राकृतिक एग्रीगेट (जैसे बजरी और रोड़ी) होती है, जिसकी वार्षिक खपत लगभग 1.2 बिलियन टन है। इसके कारण पर्यावरण पर भारी दबाव पड़ता है, क्योंकि एग्रीगेट के लिए माइनिंग करनी पड़ती है। स्टील स्लैग रोड तकनीक पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संसाधनों के पुनर्चक्रण में भी मददगार साबित हो रही है। इसमें स्टील स्लैग का इस्तेमाल कर पारंपरिक सड़क निर्माण सामग्री की जगह ली जाती है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की बचत होती है।

## सोने की कीमतों में गिरावट, त्योहार से पहले खरीदारी का सुनहरा मौका



**आर्थिक कारणों ने सोना और चांदी दोनों की कीमतों पर दबाव डाला**

**नई दिल्ली ।** अगर आप सोने के गहने खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके लिए बेहद लाभदायक हो सकता है। सोने की कीमतों में पिछले कुछ दिनों से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे खरीदारों के लिए ज्वेलरी सस्ती हो गई है। 24 कैरेट और 22 कैरेट दोनों प्रकार के सोने के रेट में कमी दर्ज की गई है, जिससे त्योहारी सीजन से पहले ग्राहकों के पास खरीदारी का बेहतरीन अवसर है। कीमतों में गिरावट की प्रमुख वजहें अमेरिका के टैरिफ से जुड़ी चिंताओं में कमी, डॉलर इंडेक्स का दो सप्ताह के निचले स्तर तक गिरना और स्पॉट मार्केट में मांग का कमजोर होना हैं। इन आर्थिक कारणों ने सोना और चांदी दोनों की कीमतों पर दबाव डाला है। यही वजह है कि सोना लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ है। दिल्ली में 26 जुलाई 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,620 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट की कीमत 92,240 प्रति 10 ग्राम है। बीते तीन दिनों में 24 कैरेट सोने में 1860 और 22 कैरेट में 1710 प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई है। अन्य प्रमुख शहरों की बात करें तो मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में 22 कैरेट सोना 92,090 और 24 कैरेट सोना 1,00,470 प्रति 10 ग्राम बिक रहा है।

# शेयर बाजार में 2025 की सबसे लंबी साप्ताहिक गिरावट रही

**- सेंसेक्स 721.08 अंक गिरकर 81,463.09 पर बंद**

**- निफ्टी 225.10 अंक टूटकर 24,837 पर बंद**

**मुंबई ।**




बीते सप्ताह भारत के प्रमुख इक्विटी सूचकांकों ने 2025 की सबसे लंबी साप्ताहिक गिरावट दर्ज की है। यह अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार हुआ है कि सेंसेक्स और निफ्टी लगातार चार सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुए हैं। बाजार में भारी वोलैटिलिटी देखने को मिली, जिसका मुख्य कारण भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते पर अनिश्चितता, कंपनियों के मिले-जुले नतीजे, विदेशी निवेश की निरंतर निकासी और अमेरिका-भारत व्यापार सौदे को लेकर असमंजस था। सेंसेक्स सप्ताह के अंत में 294.64 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी 131.4 अंक नीचे आया। सप्ताह की शुरुआत में सोमवार को दोनों सूचकांक गिरावट के साथ खुले, लेकिन आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में हुई खरीदारी के कारण शुरुआती नुकसान की भरपाई हुई। बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 148.68 अंक गिरकर 81,609.05 पर खुला और 442.61 अंक की तेजी के साथ 82,200.34 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 67.55 अंक गिरकर 24,900.85 पर खुला और 122.30 अंक बढ़कर 25,090.70 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 337.83 अंक बढ़कर खुले, लेकिन अंत में 13.53 अंक नीचे बंद हुए। निफ्टी भी सुबह 91.3 अंक की तेजी से खुला, पर दिन के अंत में 29.80 अंक गिर गया। बुधवार को अमेरिकी और जापानी व्यापार समझौते की खबर से बाजार में तेजी आई, सेंसेक्स 539.83 अंक और निफ्टी 159 अंक चढ़े। गुरुवार को फिर से गिरावट शुरू हुई। सेंसेक्स 542.47 अंक और निफ्टी 157.80 अंक टूटे। शुक्रवार को बजाज फाइनेंस में कमजोरी और विदेशी पूंजी निकासी के चलते बाजार और नीचे गया। सेंसेक्स 721.08 अंक गिरकर 81,463.09 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 225.10 अंक टूटकर 24,837 पर पहुंच गया।

विदेशी निवेशक बाहर निकले और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं ने बाजार पर दबाव डाला। निवेशकों के लिए आगामी सप्ताह चुनौतीपूर्ण रहने की संभावना है।

## ब्याज दरों में राहत और बेहतर मौसम से मांग में सुधार की उम्मीद: आईटीसी

**- ग्रामीण क्षेत्रों में मांग में सुधार के मिल रहे संकेत कंपनी के लिए सकारात्मक**

**नई दिल्ली ।** आईटीसी लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कंपनी की सालाना आम बैठक (एजीएम) में निवेशकों को संबोधित करते हुए बाजार मांग में नरमी को लेकर सतर्क रुख अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कमजोर वैश्विक वातावरण, खाद्य महंगाई और भारतीय बाजार में उत्पादों की डंपिंग जैसी वजहों से उपभोक्ता मांग प्रभावित हुई है। इस कारण कंपनी के कारोबार पर भी असर पड़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्याज दरों में संभावित कटौती, बेहतर मानसून और समग्र महंगाई में कमी से आने वाले महीनों में स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग में सुधार के संकेत मिल रहे हैं, जो कंपनी के लिए सकारात्मक हैं। एफएमसीजी कारोबार को लेकर उन्होंने बताया कि आईटीसी ने आंतरिक दक्षता बढ़ाने, लागत नियंत्रण, और उत्पाद मिश्रण को बेहतर करने जैसे कई कदम उठाए हैं। मांग में नरमी को देखते हुए कीमतों को भी सावधानीपूर्वक तय किया गया है। गैर-सिगरेट व्यवसाय पर ध्यान देते हुए पुरी ने कहा कि आईटीसी का एफएमसीजी खंड 5 लाख करोड़ के बाजार आकार तक पहुंच गया है और इसे बेहद पूंजी-कुशल तरीके से विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कंपनी की संस्थागत ताकत और दीर्घकालिक रणनीति का परिणाम है। पुरी ने भरोसा जताया कि इन रणनीतियों के परिणाम आने वाली तिमाहियों में दिखने लगेंगे, जिससे कंपनी के विकास को गति मिलेगी।

# आकर्षक लुक के साथ पहली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट एमजी साइबेस्टर कार लॉन्च

**शुरुआती कीमत 74.99 लाख रुपए एक्स-शोरूम तय**

**नई दिल्ली।**

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आखिरकार शनिवार को भारतीय बाजार में देश की पहली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट कार एमजी साइबेस्टर को बिक्री के लिए लॉन्च कर दिया है।

आकर्षक लुक और दमदार बैटरी पैक से लैस इस इलेक्ट्रिक स्पोर्ट कार की शुरुआती कीमत 74.99 लाख रुपये एक्स-शोरूम तय की गई है। बता दें इस कार को कंपनी ने इस साल के भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के दौरान शोकेस किया था, जहां इस कार ने खूब सूर्खियां बटोरी थी।

एमजी मोटर ने एमजी साइबेस्टर की बुकिंग पहले ही शुरू कर दी थी. ऐसे ग्राहक जिन्होंने इस कार को लॉन्च से पहले बुक किया उन्हें ये कार महज 72.49 लाख रुपए की शुरुआती कीमत में मिलेगी यानी तकरीबन 2.5 लाख का शुद्ध मुनाफा।

कंपनी का दावा है कि ये दुनिया की सबसे फास्ट एमजी कार है, जिसे एक इलेक्ट्रिक स्पोर्ट अवतार में पेश किया है. इस कार के दो दरवाजों और दो सीट वाली इस कन्वर्टिबल स्पोर्ट कार को विशेष रूप से एमजी सेलेक्ट प्रीमियम शोरूम के जरिए से बेचा जाएगा। इस कार का डिज़ाइन 1960 के दशक के एमजी बी रोडस्टर से प्रेरित है।

रेट्रो लुक के साथ ही अत्याधुनिक तकनीक से लैस इस कार के फ्रंट बोनट को स्लोपी बनाया गया है, जो नीचे की तरफ झुकता हुआ दिखता है। इस कार में सीजर डोर्स का इस्तेमाल किया है, जो बटन दबाते ही खुलते और बंद होते हैं।


इसके फ्रंट में आकर्षक एलईडी लाइटिंग के साथ शार्प डीआरएल और एक शानदार बोनट दिया है जबकि पीछे का हिस्सा इंटिग्रेटेड इंडिकेटर्स के साथ पूरी चौड़ाई वाली एलईडी लाइट बार से और भी खूबसूरत नजर आता है। 20-इंच के हल्के अलॉय व्हील, पिरेली पी-ज़ीरो टायरों के साथ, बेहतरीन ग्रिप और परफॉर्मेंस के लिए डिज़ाइन किए गए इस कार में कई एडवांस फीचर्स हैं।

## रिलायंस ने कैल्विनेटर ब्रांड अधिग्रहित कर पुरानी यादें ताज़ा कीं

**- पुराने ब्रांड्स को नए दौर में वापस लाने की तैयारी**

**नई दिल्ली ।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने प्रसिद्ध फिज ब्रांड कैल्विनेटर का अधिग्रहण कर पुरानी यादों को एक बार फिर ताज़ा कर दिया है। 1970 और 80 के दशक में घर-घर में लोकप्रिय यह फिज ब्रांड अब रिलायंस के कंज्यूमर प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा बनेगा। सोशल मीडिया पर कैल्विनेटर के पुराने विज्ञापन तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें बुजुर्ग व्यक्ति के नकली दांत फिज खोलते ही खड़खड़ाने लगते हैं। यह विज्ञापन उस दौर की याद दिलाते हैं जब कैल्विनेटर द टू रिस्ट वन टैगलाइन के साथ भारत में होम रेफ्रिजरेशन को लोकप्रिय बना रहा था। कैल्विनेटर के अधिग्रहण के साथ रिलायंस ने अपनी नॉस्टैल्जिया आधारित रणनीति को और मजबूत किया है। इससे पहले कंपनी ने अगस्त 2022 में कैम्पा कोला को 22 करोड़ में खरीदा था, जो एक समय में हर घर में लोकप्रिय था लेकिन बाद में मार्केट से गायब हो गया था। इसके अलावा रिलायंस ने गुजरात के 1923 में शुरू हुए कार्बोनेटेड ड्रिंक ब्रांड सोस्यो में भी 50 फीसदी हिस्सेदारी ली है।



# राजा मर्डर केस पर फिल्म बनाएंगे आमिर!

आमिर खान ने फिल्म सितारे जमीन पर के जरिए जबर्दस्त सफलता हासिल की है। अब वे अपने अगले प्रोजेक्ट्स की तैयारी में जुट गए हैं। सूत्रों के मुताबिक अभिनेता अब मेघालय मर्डर केस पर क्राइम थ्रिलर फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। पूरे देश को झकझोर देने वाले राजा रघुवंशी हत्याकांड पर अभिनेता फिल्म बनाने की तैयारी में हैं।

आमिर खुद रख रहे अपडेट पर नजर मीडिया रिपोर्ट में अभिनेता के एक करीबी सूत्र के हवाले से कहा गया है, आमिर खान मेघालय हत्याकांड की अपडेट पर करीब से नजर रख रहे हैं। उन्होंने निजी रूप से इस केस पर नजर रखी है और अपने करीबी लोगों के साथ इस पर चर्चा की है। हो सकता है कि उनके प्रोडक्शन की तरफ से भी इस विषय पर कोई डेवलपमेंट हो।

### सितारे जमीन पर के बाद नहीं किया अगली फिल्म का एलान

जूम की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आमिर खान रियल लाइफ ट्रेजडी पर आधारित एक क्राइम-थ्रिलर फिल्म बनाने के इच्छुक हैं। बता दें कि आमिर खान को सिनेमा की दुनिया में परफेक्शन के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपनी हालिया रिलीज फिल्म सितारे जमीन पर के बाद अगली फिल्म का एलान नहीं किया है। हालांकि, खबरों के अनुसार मेघालय मामले ने उनका ध्यान खींचा होगा, लेकिन अभी यह तय नहीं हुआ है कि उन्होंने सिर्फ फिल्म का निर्माण करने का फैसला किया है या इसमें अभिनय भी करेंगे।

### अब तक नहीं हुई कास्ट

आमिर खान का अगला प्रोजेक्ट चाहे जो भी हो, यह अभी शुरुआती स्टेज पर है। अभी तक किसी की कास्टिंग नहीं हुई है। बता दें कि मेघालय मर्डर केस इंदौर के सोनम और राजा रघुवंशी से जुड़ा है। इंदौर के राजा और सोनम की शादी इस साल 11 मई को हुई। 20 मई को वे हनीमून पर गए। तीन दिन बाद कपल शिलांग से 65 किलोमीटर दूर सोहरा के पास लापता हो गया। पुलिस ने बताया कि 02 जून को राजा का क्षत-विक्षत शव चेरापूंजी में वेइसाडोंग फॉल्स के पास 200 फीट गहरी खाई से बरामद हुआ। हफ्तेभर बाद सोनम को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, उसने कथित तौर पर अपने पति की हत्या की बात कबूल की। सोनम ने कुशवाहा तथा तीन हत्यारों- विशाल चौहान, आनंद कुर्मी और आकाश राजपूत के साथ इस मर्डर की साजिश रची।



# एशियन प्रोजेक्ट मार्केट के लिए चुनी गई आलिया भट्ट की फिल्म डिफिकल्ट डॉटर्स

**आलिया भट्ट इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म डिफिकल्ट डॉटर्स बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (बीआईएफएफ) के लिए चुनी गई है। डेडलाइन के मुताबिक यह फिल्म उन 30 फिल्मों में से एक है जो एशियन प्रोजेक्ट मार्केट (एपीएम) के लिए चुनी गई है।**

### आलिया भट्ट हैं फिल्म की निर्माता

फिल्म का निर्देशन आलिया की मां सोनी राजदान ने किया है। इसकी निर्माता आलिया भट्ट, उनकी बहन शाहीन भट्ट और एलन एमसीएलेक्स हैं। डिफिकल्ट डॉटर्स एशिया भर से चुनिंदा फिल्मों में से एक है, जिसे एपीएम में प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रोग्राम में फिल्म निर्माता अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों और सह-निर्माताओं से जुड़ेंगे।

### द लास्ट ऑफ देम प्लेग्स को मिली जगह

डेडलाइन के अनुसार, इस सूची में एक और प्रोजेक्ट द लास्ट ऑफ देम प्लेग्स है। इसका निर्देशन कुंजिला ने किया है और इसका निर्माण अभिनेत्री कनी कुसरुति और पायल कपाड़िया ने किया है। कुसरुति पिछले साल बीआईएफएफ के न्यू करंट्स सेक्शन की जूरी सदस्य थीं।

### इन फिल्मों को भी किया गया शामिल

बीआईएफएफ में फिल्म मून को भी चुना गया है। इसके निर्देशक प्रदीप कुर्बाह हैं। आखिरी बार उन्होंने साल 2019 में बीआईएफएफ अवॉर्ड जीता था। बांग्लादेशी फिल्म निर्माता बिप्लब सरकार एलजीबीटीक्यू थीम पर आधारित कहानी द मैजिकल मेन के साथ बीआईएफएफ में लौट रहे हैं। मलेशियाई निर्देशक लाउ कोक रुई, निर्माता सोई चियांग, स्टेफानो सेंटिनी और वोंग क्यू सून के साथ वेक मी अप व्हेन द मॉर्निंग एंड्स प्रस्तुत कर रहे हैं।

### आलिया भट्ट के काम के बारे में

आलिया भट्ट आखिरी बार वासन बाला की फिल्म जिगरा में नजर आई थीं। उन्होंने इस फिल्म में अभिनय भी किया और इसकी निर्माता भी थीं। फिल्म की कहानी एक बहन के अपने भाई को जेल से छुड़ाने के मिशन पर आधारित है। वह अगली बार यशराज फिल्म्स की जासूसी फिल्म अल्फा में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। वह संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित लव एंड वॉर में भी काम कर रही हैं।

# मनोरंजन जगत में बने रहने के लिए लोगों से जुड़ना जरूरी



टेलीविजन अभिनेत्री आशी सिंह ने अपने अभिनय की शुरुआत सीक्रेट डायरिज- द हिडन चैप्टर्स से की थी, अभिनेत्री ने बताया कि मनोरंजन जगत में बने रहने के लिए लोगों के साथ कनेक्ट होना बहुत जरूरी है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में आशी ने कहा, आज के समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहने के लिए मुझे लगता है कि प्रोजेक्ट्स पर काम करना जरूरी नहीं है, बल्कि लगातार लोगों से कनेक्ट रहना जरूरी होता है। इसीलिए मैं लोगों से कनेक्ट रहने के लिए इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करती हूं। अभिनेत्री ने बताया कि वह जब किसी प्रोजेक्ट पर काम नहीं कर रही होती, तो सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं।

उन्होंने आगे कहा, जब मैं किसी प्रोजेक्ट पर काम नहीं कर रही होती, तो मैं इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हो जाती हूं ताकि लोग मुझे देख सकें और मैं उन लोगों से बातचीत कर सकूं। मुझे लगता है कि मैं इसी तरह से प्रासंगिक बनी रहती हूं, और अगर मैं एक्टिव नहीं रह पाती, तो शायद कुछ महीनों से ऐसा प्रोजेक्ट करने लगती जो मुझे सुर्खियों में ला दे। इसलिए मैं ज्यादा परेशान नहीं रह पाती। बता दें, अभिनेत्री फिलहाल सोनी सब के रोमांटिक कॉमेडी शो उफ्फ...ये लव है मुश्किल में नजर आ रही हैं। इस शो में आशी शब्बीर अहलूवालिया भी हैं। यह कहानी कैरी की है, जो महत्वाकांक्षी और जिंदादिल युवती है। जो कम उम्र से ही अपने तीन छोटे भाई-बहनों की जिम्मेदारी संभालती है और वह आत्मनिर्भर और अपने सिद्धांतों पर अडिग है। वह वकील बनने की राह पर है। वहीं, इस शो में अभिनेता शब्बीर अहलूवालिया युग नाम के लड़के का किरदार निभा रहे हैं। वह पेशे से वकील है, लेकिन अतीत में हुए दर्दनाक हादसों के कारण वह महिलाओं को शक की निगाहों से देखता है।

# दर्शकों की बदलती रहती है पसंद, युवा चाहते हैं नया और अनोखा कंटेंट



अभिनेत्री अंजुम फकीह ने अपने नए रियलिटी शो छोरियां चलीं गांव के साथ एक नई शुरुआत की है। अंजुम का मानना है कि कंटेंट को लेकर समय के साथ दर्शकों की पसंद बदलती रहती है। यंग जनरेशन नए और अनोखे कंटेंट की मांग करती है।

अंजुम ने कहा कि दर्शकों की पसंद हर कुछ सालों में बदलती है। आज का युवा ज्यादा मुखर है; वह फ्रेश, अनोखी कहानियों की मांग करता है। उन्होंने कहा, भारत में प्रतिभा और रचनात्मकता की कोई कमी नहीं है। छोरियां चलीं गांव के कॉन्सेप्ट को बनाने वाले को सलाम। हम दर्शकों के लिए कुछ नया और जड़ों से जुड़ा लेकर आए हैं। यह शो शहरों की चमक-दमक से दूर, गांव की असली जिंदगी को दिखाता है, जहां भारत का दिल बसता है। यह शो शहर और गांव दोनों के दर्शकों को पसंद आएगा। इसकी सफलता दर्शकों के हाथ में है। अगर उन्हें पसंद आया, तो यह सालों चलेगा, वरना खत्म हो जाएगा। छोरियां चली गांव को लेकर उत्साहित अंजुम ने बताया कि एक शहरी लड़की होने के नाते, गांव की जिंदगी का अनुभव लेने का मौका उन्हें रोमांचित करता है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा जी टीवी के साथ काम करना चाहती हूं। मेरे सभी हिट किरदार और शो एक था राजा एक थी रानी, कुंडली भाग्य, रानी रागेश्वरी, और सृष्टि जी टीवी के ही थे। जब भी जी के साथ काम करने का मौका मिलता है, मैं उस ऑफर को तुरंत स्वीकार कर लेती हूं। अंजुम ने शो को रोमांचक बताया।



# रश्मिका मंदाना ने लॉन्च किया अपना फ्रेगरेंस ब्रांड

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपने फ्रेगरेंस ब्रांड के लॉन्च की घोषणा की है। उन्होंने इस मौके पर कहा है कि परफ्यूम उनके लिए एक ऐसी चीज है, जो अक्सर उन्हें उन खास पलों में वापस ले जाता हैं, जिन्हें वह भूल जाती हैं। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का परफ्यूम ब्रांड डियर डायरी मेरे निजी जीवन के अनुभवों और विचारों से प्रेरित है। अभिनेत्री ने बताया, मेरे लिए, खुशबू का मतलब यादें हैं। मुझे बहुत सी बातें याद नहीं रहतीं, या शायद कुछ चुनिंदा बातें ही याद रहती हैं, लेकिन परफ्यूम उन खास पलों को फिर से ताजा कर देता है जिन्हें मैं शायद भूल जाती हूं। इसी तरह से मैं उन लोगों, जगहों और अनुभवों को याद रखती हूं, जिनकी वजह से मैं आज जो कुछ भी बन पाई हूं।

उन्होंने आगे कहा कि डियर डायरी के जरिए वह सभी को अपनी कहानियों में साथ ले जाने का एक तरीका देना चाहती हैं। रश्मिका ने बताया, उनके परफ्यूम को लॉन्च करने का मकसद बस खुद से जुड़ना, सुकून महसूस करना, एक अच्छा अहसास पाना और बिना किसी झिझक के अपनी पहचान बताना है। रश्मिका ने अपने नए फ्रेगरेंस ब्रांड के बारे में बात करते हुए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, यह वाकई मेरे दिल के बहुत करीब है। यह सिर्फ एक ब्रांड नहीं है, न ही परफ्यूम है, बल्कि मेरा एक हिस्सा है। खुशबू हमेशा से मेरी निजी जिंदगी का एक अहम हिस्सा रही है... और आज मैं आपके साथ इसको साझा कर रही हूं। उन्होंने कहा, मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे यह ब्रांड लॉन्च करने का मौका मिला और मैं इसको लेकर काफी उत्साहित भी हूं। मुझे उम्मीद है कि इसे आगे बढाने के लिए मुझे आप सभी का साथ मिलेगा। इस घोषणा से पहले भी अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी साझा की थी। उन्होंने एक वीडियो जारी किया था जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना गया था, मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं आखिरकार इसे रिकॉर्ड कर रही हूं। जैसा कि आप अब तक जानते ही होंगे, मैं अपने दिल के बहुत करीब किसी चीज पर काम कर रही हूं। यह सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि मैंने आपके लिए मेरा जीवन का एक छोटा सा हिस्सा भी है। रश्मिका ने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि आप इसे महसूस करेंगे, मुझे उम्मीद है कि आपको यह पसंद आएगा।



# कपिल शर्मा की 'किस किसको प्यार करूं 2' में जलवा बिखेरेंगे यो यो हनी सिंह

म्यूजिक के दुनिया के मशहूर गायक और रैपर हनी सिंह अपने गानों से दर्शकों को अक्सर दीवाना बना लेते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आय है, जिसमें हनी सिंह और कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा एक साथ दिख रहे हैं। वीडियो में गायक मस्तमौले अंदाज में नजर आ रहे हैं और एक सॉन्ग गुनगुनाते दिख रहे हैं। साथ ही सिंगर कपिल की आगामी फिल्म से जुड़ी एक खास जानकारी साझा कर रहे हैं। आइए जानते हैं हनी सिंह ने क्या कहा।

कपिल शर्मा की आगामी फिल्म में हनी सिंह गाएंगे गाना?

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें हनी सिंह और कपिल शर्मा को स्टेज पर एक साथ देखा जा सकता है। वीडियो में गायक हनी सिंह शायद कपिल की आगामी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' से जुड़ा गाना गाते दिख रहे हैं। गायक ने कहा, 'किस किसको प्यार करूं 2 में कपिल शर्मा और यो यो हनी सिंह कमिंग सून।' साथ ही गायक ने पंजाबी में कहा कि अब पंजाबी आ गए हैं। हनी सिंह की इन बातों को सुन कपिल शर्मा बेहद ही खुश नजर आ रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि हनी सिंह कपिल का आगामी फिल्म में धमाकेदार सॉन्ग लेकर आ रहे हैं। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा कि हनी पाजी के फैन हैं वो। दूसरे यूजर ने कहा कि पंजाबी तो कबसे आए हैं। वहीं एक और यूजर ने कहा कि 2025 का सबसे बड़ा कोलैबेरेशन। इसके अलाव एक अन्य यूजर ने लिखा कि सारी दुनिया कहती है यो यो हनी सिंह।

### 'किस किसको प्यार करूं 2' के बारे में

किस किसको प्यार करूं 2 का निर्देशन अनुकल्प गोस्वामी कर रहे हैं। इसके निर्माता रतन जैन और गणेश जैन हैं। फिल्म में कॉमेडी, भ्रम और तमाशा का ड्रामा देखने को मिलेगा। फिल्म के पहले पार्ट को भी दर्शकों का काफी प्यार मिला था। इस फिल्म का निर्माण अब्बास-मस्तान द्वारा वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट के तहत अब्बास मस्तान फिल्म प्रोडक्शन के सहयोग से किया जा रहा है। कपिल शर्मा की यह फिल्म 26 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज

# सामंथा रुथ प्रभु करेंगी अपनी टॉलीवुड वापसी फिल्म का निर्माण



सामंथा ने अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म शुभम के साथ बतौर निर्माता अपनी शुरुआत की। हालांकि, इस फिल्म में उनका एक कैमियो रोल भी था। ताजा जानकारी के अनुसार, सामंथा मेन लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी एक टॉलीवुड फिल्म का निर्माण करने वाली हैं। सामंथा 2019 में आई अपनी हिट फिल्म ओह बेबी की निर्देशक नंदिनी रेड्डी के साथ फिर से काम करने का प्लान बना रही हैं। नंदिनी गंभीर कहानियों और मजबूत किरदारों के लिए जानी जाती हैं। दोनों जबरदस्त और ओह बेबी के बाद फिर से एक साथ काम करने की बातचीत कर रही हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in